# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, गुरुवार 3 अक्टूबर 2024







सपनों से हकीकत का सफर
Classic के साथ...
CLUB HOUSE MEMBERSHIP FREE*
CLASSIC GROUP
LIFESTYLE MATTERS
*T&C APPLY
CLASSIC CASTLE
PCGRERA220620001124 | P3CGRERA031120000020 | https://rera.cgstate.gov.in
Premium Residential Zone Kachna में
Fully Developed
Premium Plots
EXCLUSIVE
AMENITIES
ALL ACTUAL IMAGES
Gymnasium
Rooftop Swimming Pool
Toddler's Play Area
Grand Entrance & Club Classico
Movie Theatre
Gazebo
Restaurant
Guest Rooms
Indoor Games
SUMEET LANDSCAPE
PROJECT ASSOCIATE
CLASSIC VENTURES
CGRERA060320A000465
https://rera.cgstate.gov.in
यहाँ है आपके अपनों की खुशी!
All Actual Images
Gazebo
Movie Theatre
Gymnasium
Open Gym
Party Hall
Kid's Play Area
Toddler's Play Area
Indoor Games
Bird Zone
3 लाख SQ.FT.
में सुविधाओं से भरी जिंदगी से
फर्क पड़ता है
FULLY DEVELOPED PLOTS
Sizes from 800 to 2400 Sq.Ft.
Club House & Swimming Pool
Actual Image
CLASSIC TOWERS
PCGRERA270223001615 | https://rera.cgstate.gov.in
STRUCTURE
100% COMPLETED
ACTUAL IMAGE
Come & Feel
THE DIFFERENCE!
2 & 3 BHK
SPACIOUS FLATS
₹41.51 LACS*
ONWARDS
*T&C APPLY
READY
DEMO FLAT
CONCEPTUAL IMAGES
KID'S PLAY AREA
GYMNASIUM
LOBBY WITH DROP OFF ZONE
SIT OUT AREA
GUEST ROOMS
MOVIE THEATRE
SUMEET LANDSCAPE
722 500 1000
BESIDE DPS SCHOOL, VIDHAN SABHA ROAD, RAIPUR
CLASSIC CASTLE
901 902 1000
KACHNA, RING ROAD NO.3, MAIN ROAD, RAIPUR
CLASSIC TOWERS
951 610 1000
NEAR POLICE HOUSING SOCIETY, PANI TANKI ROAD, AMLIDIH, RAIPUR
SCAN TO KNOW MORE

सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके।
शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणि नमोस्तुते॥

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



चतुर्थी तिथि दो दिन, अष्टमी-नवमी एक ही दिन



# घट स्थापना के लिए मात्र 50 मिनट

हस्त नक्षत्र और इंद्र योग के संयोग में शारदीय नवरात्रि प्रारंभ हो चुका है। 2 अक्टूबर को मध्यरात्रि पश्चात 12:18 मिनट से अश्विन माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि प्रारंभ हो गई है। इस तिथि का समापन 3 अक्टूबर को मध्यरात्रि पश्चात 2:58 पर होगा। उदया तिथि अनुसार गुरुवार 3 अक्टूबर से ▶▶|शेष पेज 4 पर

## चतुर्थी 6 और 7 अक्टूबर को

इस बार भक्तों को माता की आराधना के लिए पूरे नौ दिन मिलेंगे, लेकिन नवमी तिथि का क्षय होगा। इस बार चतुर्थी तिथि की वृद्धि होने से यह तिथि दो दिन 6 और 7 ▶▶|शेष पेज 4 पर

# मां शक्ति की भक्ति में डूबेगा शहर... 150 किलो सिंदूर से तैयार माता की मूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में इस बार सिंदूर से तैयार की गई माता की प्रतिमा विराजित होगी। इस मूर्ति की खासियत यह है कि इसके निर्माण में सिर्फ सिंदूर का ही प्रयोग किया गया है। मिट्टी का प्रयोग इसमें नहीं हुआ है। पैरे और सिंदूर का प्रयोग कर इसे तैयार किया गया। ▶▶|शेष पेज 4 पर

नवरात्रि आज से



### केमिकल रहित सिंदूर

बाजार में आजकर मिलावटी या फैंसी सिंदूर भी आने लगे हैं। शुद्धता और विसर्जन के बाद पर्यावरण को नुकसान ना पहुंचे, इस दृष्टिकोण से केमिकल रहित सिंदूर का प्रयोग किया गया है। रायपुर के बाजार से ही इसकी खरीदी की गई है। ना केवल मूर्ति बल्कि प्रतिमा के पीछे सजावट के लिए भी मौली धागे का प्रयोग किया गया है। माता का रूप मनमोहक बन पड़ा है। सिंह पर विराजित माता का भक्त आज से दर्शन कर सकेंगे।

*नवरात्रि को लेकर देशभर की माता मंदिरों में विशेष सजावट की गई है। आकर्षक और भव्य रूप देने के लिए मंदिर समितियों ने काफी मेहनत की है। ऐसी ही तैयारी राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी के मंदिर में भी की गई है।*

# झूमर की रोशनी से जगमगाएगा माता बम्लेश्वरी का मंदिर

*डेढ़ सौ किलो चांदी के द्वार एवं दरवाजों की नक्काशी दरबार की बढ़ाएगी शोभा*



प्रकाश अग्रवाल ▶▶| डोंगरगढ़-राजनांदगांव

नवरात्रि के अवसर पर आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को इस बार मंदिर में विशेष सजावट देखने को मिलेगी। समिति ने भिलाई के कारीगरों के जरिये मंदिर को फूलों से सजवाया है। वहीं बिलासपुर के तकनीशियन की मदद से आकर्षक हाईटेक लाइट्स भी लगवाई गई है। देश की राजधानी दिल्ली से भव्य झूमर मंगाकर भी मंदिर की सुंदरता बढ़ाने के लिए लगाया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश की प्रख्यात देवी मंदिरों में डोंगरगढ़ स्थित बम्लेश्वरी मंदिर शामिल है। यहां महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश से लेकर आसपास के प्रदेशों से भी लोग ▶▶|शेष पेज 4 पर

## विशेष पूजा-अर्चना होगी

मंदिर समिति से मिली जानकारी के अनुसार ऊपर मंदिर में 8500 एवं नीचे मंदिर में 901 ज्योति कलश रखी जा रही है। माता के दरबार के 9 दिन तक चलने वाले महाआयोजन के होने वाले अनुष्ठान के अनुरूप नीचे मंदिर में आचार्य राजकुमार महाराज एवं ऊपर मंदिर में आचार्य रघुनाथ महाराज की मुख्य उपस्थिति में बाहर से आए आचार्य एवं पंड़ितों द्वारा सप्तसती रणचंडी पाठ माताजी का विशेष अभिषेक, पंचमी, सप्तमी व अष्टमी हवन के अलावा पूरे पूजन का कार्यभार होगा।

## लगेगा मेला, एक हजार कर्मी करेंगे सुरक्षा

नवरात्रि के अवसर पर डोंगरगढ़ में भव्य मेले का भी आयोजन किया जाता है। इन 9 दिनों में दस लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था पर भी काफी जोर दिया गया है। डोंगरगढ़ में 9 दिनों तक दिन-रात सुरक्षा रखने के लिए एक हजार पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। इसके साथ ही मंदिर में भी समिति के पांच सौ सदस्य अपनी सेवाएं देंगे।

## आकाशीय बिजली से बालक की मौत, दो बालिकाएं घायल

**दंतेवाड़ा।** दंतेवाड़ा में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक बालक की मौत हो गई हैं। वहीं, दूसरी घटना में दो बालिकाएं घायल हैं। बुधवार की दोपहर को अचानक से गरज चमक के साथ हुई बारिश के बाद एक ही गांव के अलग-अलग इलाकों में बिजली गिर गई। ग्रामीणों के मुताबिक इंद्रावती नदी पार के कौरगांव के अलग-अलग इलाकों में गाय चराने के लिए गांव के बालक ओर बालिकाएं गए हुए थे, तभी अचानक से तेज बारिश हुई बारिश होता देख बालक पेड़ की ओर भागा। तभी बिजली गिरी और बालक उसके चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसी वक्त गांव के दूसरे छोर में गाय चरा रही बालिकाएं भी बारिश होता देख पेड़ की ओर भाग रही थीं, तभी तेज़ धमाके की आकाशीय बिजली गिरी और उसकी चपेट में दो बालिकाएं आकर घायल हो गईं। घायल बालिकाओं ▶▶|शेष पेज 4 पर

## इजरायल ने यूएन महासचिव पर लगाया बैन, ईरान ने बनाई हिट लिस्ट

# लेबनान में घुसी इजरायली सेना, ताबड़तोड़ हमला

*इजरायल और ईरान के बीच में तनाव काफी ज्यादा बढ़ चुका है, जब से ईरान ने इजरायल पर 150 से ज्यादा मिसाइल दागी हैं, दूसरी तरफ से भी बदला लेने की बात कही जा रही है। इस बीच, ईरान ने एक बार फिर इजरायल पर बड़े हमले की धमकी दी है। ईरान का साफ-साफ कहना है कि, अगर इजरायल ने जवाबी कार्रवाई की तो उसको तबाह कर देंगे। वहीं, इन हमलों को देखते हुए भारत ने भी एडवाइजरी जारी कर दी है।*

एजेंसी ▶▶| यरूसलम/नई दिल्ली

गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ शुरू हुई इजरायल की ये जंग अब बढ़ती जा रही है। जिस तरह से ईरान और इजरायल के बीच तनाव बढ़ रहा है, उससे अब एक और बड़ी जंग का खतरा खड़ा हो गया है। लेबनान के दक्षिणी इलाके में इजराइल और हिजबुल्ला के बीच जारी जमीनी लड़ाई में बुधवार को इजराइली सेना 2 किमी अंदर मरून अल-रस गांव पहुंच गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, यहां इजराइली सैनिकों की हिजबुल्ला के लड़ाकों से मुठभेड़ भी हुई। आमने-सामने की इस लड़ाई में अब तक इजराइल के 2 सैनिकों की मौत हो गई, जबकि 18 घायल हुए हैं। इजराइल लेबनान में हिजबुल्ला, गाजा में हमास, ईरान और यमन में हूतियों ▶▶|शेष पेज 4 पर




### भारत की एडवाइजरी

इजरायल में हुए ईरानी हमले के बाद भारत काफी चिंतित है। उसकी तरफ से इजरायल को लेकर एक एडवाइजरी जारी की गई है। उस एडवाइजरी में साफ कहा गया है कि लोगों को बाहर निकलने से बचना होगा, खुद को सुरक्षित स्थानों पर रखना होगा। यह भी बताया गया है कि भारत ने स्थिति पर पैनी नजर बना रखी है।

### तेल की कीमतों में लगी आग

ईरान के हमले के बाद से ही अंतरराष्ट्रीय बाजार भी सहम गया है। इसका सबसे बड़ा असर क्रूड ऑयल पर देखने को मिला है, जिसके रेट में अचानक से पांच फीसदी तक का उछाल आ गया है। यह बीते दिनों करीब 2.7 फीसदी तक फिसला था, लेकिन अब युद्ध की स्थिति बनते ही दामों में बड़ा उछाल देखने को मिला है।

### इजरायल को यूएस का बड़ा संदेश

राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि वह इजरायल का साथ दे रहा है, लेकिन अगर इजरायल ने ईरान पर परमाणु हमला किया तो अमेरिका इसमें उसका साथ नहीं देगा।

### इधर, दक्षिणी गाजा में 51 की मौत

दक्षिणी गाजा में इजराइल की ओर से रातभर किए गए हमलों में कम से कम 51 लोग मारे गए हैं जिनमें महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। हमास के लड़ाकों ने पिछले साल सात अक्टूबर को इजराइल पर हमला किया था जिसके लगभग एक वर्ष बाद भी इजराइल गाजा में हमास के ठिकानों पर हमले कर रहा है। इस बीच हिजबुल्ला के खिलाफ जमीनी अभियान शुरू किया है।







बिना
UREA
में उपलब्ध
PREET
PREET 987
Wheat
Paddy
Maize
Red Gram
Soyabean
Sunflower
Mustard
Grams
Arhar
Moong
नवरात्रि की
हार्दिक शुभकामनाएँ
6 लाख*
से किट शुरु
Gahir 800
• श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ 4WD ट्रांसमिशन
• सबसे अधिक ग्राउंड क्लीयरेंस
• सबसे कम मोड़ व्यास
Terms And Conditions Apply
EASY
FINANCE
AND
EXCHANGE
FACILITY
FIELDKING
MULTI CROP
HARVESTER
FIELDKING
FKCH-2200
Paddy
Wheat
Soybean
Pulses
Corn
हमारी शाखायें कवर्धा, बेमेतरा, दुर्ग, बालोद, राजनांदगाव, रायपुर, महासमुंद एवं छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में हैं।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-
अरुण एग्रीकल्चर
पुलगांव, दुर्ग (छ.ग.)
98271-41412, 95895-60875
sumit


UJJWAL
JEWELLERS
TRUSTED FOR GENERATIONS
निरंतर बढ़ते भाव का लाभ उठाएं
आज ही पसंदीदा ज्वेलरी खरीदें एवं बुक कराएं
22 कैरेट 916 हॉलमार्क ज्वेलरी
मार्केट रेट
70000/-
प्रति 10 ग्राम
22 कैरेट 916 हॉलमार्क ज्वेलरी
उज्जवल ज्वेलर्स रेट
67700/-
प्रति 10 ग्राम
हीरे के आभूषणों
के मेकिंग चार्ज पर फ्लैट
50% की छूट
UJJWAL JEWELLERS
• सोने एवं हीरे के आभूषणों की 100% Buy Back गारंटी
• आजीवन मुफ्त रिपेयरिंग और पॉलिशिंग का वादा
• 100% BIS हॉलमार्क सर्टिफाइड ज्वेलरी शोरूम
• गिरे हुए हीरे पर कोई शुल्क नहीं
• पारदर्शिता का वादा
100% Hallmarked Jewellery
IGI / GIA Certified Diamonds Available
सही भाव
100% Buy Back Lowest Gold Rate
6%
सारे रत्न उपलब्ध
Sunday Open
Valet Parking
www.ujjwaljeweller.com
Sadar Bazaar, Raipur I Mob. 6266861574

रायपुर
गुरुवार, 3 अक्टूबर 2024
आश्विन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा
वर्ष : 23, अंक : 78
पृष्ठ : 16+8 = 24 मूल्य : 5.00**

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**मौसम**
अधि. 35.4
न्यून. 26.5

नवरात्र की मंगलकामनाएं

धमतरी में आयोजित होना है जल जगार का कार्यक्रम, टेंडर में पहली बार कलाकार का नाम

# अनुज चाहिए या अनुज शर्मा जैसा कलाकार... यह कैसा टेंडर, सियासत से संस्कृति तक बवाल


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

धमतरी जिले में आयोजित हो रहे धमतरी जल जगार आयोजन के लिए जारी किए गए सरकारी टेंडर छत्तीसगढ़ की सियासत से लेकर संस्कृति विभाग और उससे जुड़े कलाकारों तक विवाद पैदा कर दिया है। जल जगार कार्यक्रम के लिए धमतरी जिला प्रशासन ने जो टेंडर किया है उसमें सीधे कलाकार का नाम लिखकर ▶▶|शेष पेज 4 पर

### भूपेश ने ट्वीट कर उठाए सवाल

इस मामले को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक ट्वीट कर अपनी बात रखी है। उन्होंने लिखा है- धमतरी में जल-जगार हो रहा है। इसका टेंडर निकला तो कहा गया कि ▶▶|शेष पेज 4 पर

## जिन दो कलाकारों का टेंडर में जिक्र, उन्हें ही दिया काम, पूर्व सीएम ने उठाए सवाल




### टेंडर की मुझे कोई जानकारी नहीं-अनुज

धमतरी जगार कार्यक्रम के टेंडर के बारे में मुझे कोई जानकारी नहीं है। मैंने इस टेंडर में अप्लाई भी नहीं किया है। मैं ए डबल प्लस श्रेणी का कलाकार हूं। विधायक बनने और भाजपा सरकार ▶▶|शेष पेज 4 पर

### कलाकारों का पेमेंट आधा

छत्तीसगढ़ फिल्म के सुपरस्टार प्रकाश अवस्थी ने कहा है, कांग्रेस शासन काल से ही कलाकारों की स्थिति बदतर रही है। भाजपा शासन काल में भी ▶▶|शेष पेज 4 पर

**उठ रहे हैं ये सवाल**

इस मामले को लेकर अब विपक्ष ने भी सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं। सवाल ये है कि कोई भी कलाकार किसी अन्य कलाकार के बराबर या समकक्ष योग्यता का कैसे हो ▶▶|शेष पेज 4 पर

## इंदौर के बाद भोपाल में सुविधा शुरू, रायपुर पिछड़ गया, किसी को सुविधा की फिक्र ही नहीं

# आखिरी उड़ान के बाद रात 10 बजे अपना एयरपोर्ट बंद, नाइट ऑपरेशन का डिब्बा गुल

*मध्यप्रदेश में इंदौर के बाद भोपाल में भी एयरपोर्ट 24 घंटे खुला रहेगा यानी रात में भी उड़ानें जारी रहेंगी, इसके उलट इन शहरों से ज्यादा सुविधाएं होने के बावजूद रायपुर में नाइट ऑपरेशन ठप है। यहां रात 9.20 बजे अंतिम उड़ान के बाद एयरपोर्ट बंद हो जाता है। चार बरस पहले नाइट ऑपरेशन की सुगबुगाहट हुई थी और अभी तक यह परवान नहीं चढ़ा है। कार्गो सुविधा और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में भी रायपुर पिछड़ा हुआ है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


रायपुर विमानतल पर विमानों की आवाजाही सुबह 8.00 बजे शुरू होती है। एयरपोर्ट के खुलने और बंद होने के लगभग पंद्रह घंटे के भीतर दर्जनभर शहरों के लिए 26 से 27 बार विमानों की आवाजाही होती है। इसमें सात हजार के लगभग यात्री सफर करते हैं। यहां से विमानन कंपनियां अगर रात्रि में भी विभिन्न शहरों के लिए फ्लाइट का संचालन करती हैं, तो काफी ट्रैफिक मिलने की संभावना है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर व्यापारिक से लेकर कई दृष्टिकोण से देश में बड़ी भूमिका अदा करता है। इसके बावजूद एयरलाइंस कंपनी रात्रि में फ्लाइट संचालित करने दिलचस्पी नहीं दिखा रही है। सूत्रों के अनुसार करीब चार साल पहले रायपुर में विमानों का संचालन करने की योजना बनाई गई थी। इसके लिए रनवे विस्तार, फ्लाइट ▶▶|शेष पेज 4 पर

### रायपुर एयरपोर्ट पर सुविधा एक नजर में

1. विमानतल का रनवे 3251 मीटर का, बड़े विमानों की आसानी से लैंडिंग और टेकऑफ की सुविधा।
2. एक साथ 13 विमानों के खड़े होने के लिए एयरक्राफ्ट पार्किंग, यात्रियों की सुविधा के 4 एरोब्रिज प्रस्तावित।
3. आधुनिक सुविधाओं वाला टर्मिनल भवन, यात्रियों के फूड के साथ शॉपिंग की सुविधा के लिए आउटलेट्स।
4. 43 मीटर ऊंचा एटीसी टावर, आधुनिक उपकरणों से लैस, फाइटर प्लेन भी से लैंड हो सकते है।

पंद्रह घंटे विमानों की आवाजाही, रात 9.20 बजे अंतिम उड़ान, 10 बजे विमानतल बंद **1**

रोजाना सात हजार यात्री फिर भी विमानन कंपनियां कर रहीं सौतेला व्यवहार **2**



### पहली कोलकाता और अंतिम दिल्ली

वर्तमान में जारी समर शेड्यूल के मुताबिक रायपुर में पहली फ्लाइट सुबह 8.05 बजे कोलकाता से आती है और रात्रि की अंतिम उड़ान 9.20 बजे दिल्ली की होती है। इस बीच ▶▶|शेष पेज 4 पर

### इंटरनेशल फ्लाइट और कार्गो योजना भी अटकी

रायपुर से अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों की संभावना अधिक है। बड़े फ्लाइट के हिसाब से बड़ा रनवे मौजूद है, उच्चतम स्तर और आधुनिक सुविधाओं से लैस एटीसी टॉवर एक्टिव है। इसके ▶▶|शेष पेज 4 पर

### एयरलाइंस कंपनियों पर निर्भर

*विमानों के संचालन का निर्णय एयरलाइंस कंपनियों पर निर्भर होता है। वे शेड्यूल तय कर अनुमति के लिए डीजीसीए को भेजती है। डीजीसीए से मिली सूचना के आधार पर विमानों की उड़ान के अनुसार एयरपोर्ट क्रियाशील रहते हैं। रायपुर से अंतिम उड़ान 9.20 बजे होती है, जिसके आधे घंटे के बाद एयरपोर्ट बंद किया जाता है।*
*- डॉ. एसडी शर्मा, निदेशक, रायपुर एयरपोर्ट*

## खबर संक्षेप

### हेलीकॉप्टर क्रैश, दो पायलट समेत तीन की मौत

**पुणे।** निजी विमानन कंपनी के हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने और उसमें आग लग जाने से

दो पायलट और एक इंजीनियर समेत कुल तीन लोगों की मौत हो गई। सांसद सुनील तटकरे ने बताया कि उन्हें बुधवार को उसी हेलीकॉप्टर से मुंबई से रायगढ़ जाना था।

### बदलापुर मामले में जांच के लिए आयोग गठित

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने बदलापुर के स्कूल में यौन उत्पीड़न के आरोपी अक्षय शिंदे

को मारे जाने के मामले की जांच के लिए एक जांच आयोग का गठन किया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) दिलीप भोसले की अगुवाई में एकल सदस्यीय आयोग जांच करेगा।

### 56 साल बाद पैतृक गांव पहुंचेगा जवान का शव

**सहारनपुर।** सहारनपुर जिले के नानौता क्षेत्र के रहने वाले वायु सेना के एक जवान का शव 56 साल

बाद गांव पहुंचेगा। उसका शव सियाचिन ग्लेशियर के पास से बरामद हुआ है। परिवार के सदस्य तसल्ली के साथ उन्हें अंतिम विदाई देने की तैयारी कर रहे हैं कि वे रीति-रिवाजों के साथ अंतिम संस्कार कर सकेंगे।

# न्याय यात्रा के समापन पर कांग्रेस का हल्ला बोल पायलट बोले-सरकार नहीं सुधरी तो एक और संग्राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में चल रही कांग्रेस की छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा छठवें दिन बलौदाबाजार के गिरौदपुरी से रायपुर पहुंच कर समाप्त हो गई। 125 किमी की पदयात्रा रायपुर के गांधी मैदान पहुंचकर एक जनसभा में बदल गई। इस मौके पर प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व सीएम भूपेश बघेल और टीएस सिंहदेव समेत ▶▶|शेष पेज 4 पर

- न्याय यात्रा सरकार की नींद खोलने के लिये निकाली गई- पायलट



### यात्रा अभी खत्म नहीं हुई, विराम दे रहे- बैज

*प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, कांग्रेस की न्याय यात्रा छत्तीसगढ़ के लोगों चिंता करने के लिये है। कांग्रेस के लोगों को जोश और उत्साह ऐसी बना रहा, तो हम लोग चार साल तक यह सरकार को चलने* ▶▶|शेष पेज 4 पर

### भाजपा शासन में बिगड़ा सामाजिक सौहार्द- महंत

*नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा, कांग्रेस के शासनकाल में आदिवासी दिवस पर अनेक प्रकार के कार्यक्रम किया जाता था। उनकी संस्कृति से परिचय कराते थे, लेकिन भाजपा की सरकार कुछ नही कर रही* ▶▶|शेष पेज 4 पर

### नौ महीने में विष्णु का सुशासन तार-तार- भूपेश

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, इस यात्रा से भारतीय जनता पार्टी घबराई हुयी है और सवाल पूछ रही है कि हमारी सरकार को 1 साल भी नहीं बीता 9 महीने हुआ है। भाजपा ने स्लोगन दिया कि विष्णु का सुशासन और 9 महीने में विष्णु का सुशासन तार-तार हो गया हैं। आज कोई जाति, वर्ग, समाज नहीं बचा है, जो विष्णुदेव सरकार में ▶▶|शेष पेज 4 पर

## पीएससी 2023 के खिलाफ दायर सभी 40 याचिकाएं हाईकोर्ट से खारिज

# सहानुभूति पुनर्मूल्यांकन के निर्देश देने का आधार नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

प्रारंभिक परीक्षा के नतीजों में पुनर्मुल्यांकन की मांग करने हुए लगाई गई 40 याचिकाओं को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है। दरअसल पीएससी 2023 के नतीजे घोषित होने के बाद पांच सवालों को लेकर पीएससी के निर्णय को गलत बताते हुए यह याचिका लगाई थी, जिसमें हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा है कि सहानुभूति पुनर्मुल्यांकन के निर्देश देने का आधार नहीं हो सकता। परीक्षार्थी परीक्षा की तैयारी के लिए जितनी मेहनत करते हैं, उतनी ही मेहनत अधिकारी भी परीक्षा



आयोजित करने के लिए करते हैं। इसके साथ ही सभी 40 परीक्षार्थियों की याचिकाएं खारिज कर दी गई।


पीएससी ने राज्य सिविल सेवा के पदों पर भर्ती के लिए 29 नवंबर 2023 को विज्ञापन जारी किए थे। इसके बाद 11 फरवरी 2024 को दो पालियों में प्रारंभिक परीक्षा ली गई थी। परीक्षा के बाद मॉडल आंसर जारी किए गए थे। दावा आपत्ति मंगाने के बाद पीएससी ने संशोधित मॉडल आंसर जारी किए। संशोधित मॉडल आंसर के ▶▶|शेष पेज 4 पर

### पांच आंसरों पर जताई थी आपत्ति

पांच आंसरों पर आपत्ति जताते हुए याचिकाकर्ताओं ने अपनी याचिका में पुनर्मूल्यांकन के निर्देश देने की मांग रखी थी। प्रकरण की सुनवाई जस्टिस सचिन सिंह राजपूत की सिंगल बेंच में हुई। सुनवाई के बाद फैसले में अदालत कहा कि सहानुभूति पुनर्मूल्यांकन के निर्देश देने का आधार नहीं हो सकता। अदालत ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि परीक्षार्थी परीक्षा की तैयारी ▶▶|शेष पेज 4 पर

### तो नहीं होते मेंस से वंचित

*याचिका के अनुसार संशोधित मॉडल आंसर जारी करने के बाद कुछ प्रश्नों को हटा दिया गया था। याचिकाकर्ताओं का तर्क था कि यदि उन प्रश्नों को नहीं हटाया जाता तो वे मुख्य परीक्षा से वंचित नहीं होते। याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता ने कहा कि किसी विशेष प्रश्न को हटाने से अनुपातिक अंक दिए गए हैं, लेकिन यह उस अभ्यर्थी को दिया जाता है जिसने उक्त प्रश्न का प्रयास ही नहीं किया या जिसने उक्त प्रश्न का गलत उत्तर दिया है। यह अनुचित हैं।*



## चिंतन

# इजराइल के खिलाफ ईरान की जंग से विश्व को खतरा

इजराइल पर ईरान के हमले के बाद पश्चिम एशिया की स्थिति विकट से विकटतर हो गई है। इजराइल के आतंकवादी गुटों के खिलाफ जंग की प्रतिक्रिया में ईरान इजराइल के खिलाफ सीधे युद्ध में कूद गया है, इससे पश्चिम एशिया में संघर्ष के आसार बढ़ गए हैं। इस संघर्ष ने वैश्विक सुरक्षा व शांति के लिए खतरा बढ़ा दिया है। भारत ने कहा है कि वह पश्चिम एशिया में स्थिति पर नजर रखे हुए है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर अमेरिकी दौरे पर हैं, जिसमें वहां बातचीत के मुख्य एजेंडे में पश्चिम एशिया के ताजा हालात हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल फ्रांस में हैं, जहां वार्ता में भी एजेंडा पश्चिम एशिया में बढ़ रहा तनाव ही है। दरअसल, ईरान के सीधे तौर पर जंग में कूदने से युद्ध के विस्तार की संभावना बढ़ गई है। अब तक इजराइल हमास, हिज्बुल्ला और हूती जैसे आतंकी गुटों के सफाये के लक्ष्य के साथ जंग लड़ रहा था, लेकिन ईरान के इजराइल पर हमला कर देने से जंग दो राष्ट्रों के बीच बदलने की स्थिति बन गई है। ईरान के हमले के बाद अमेरिकी सरकार ने आपात बैठक की है। इजराइल ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस की इजराइल में एंट्री पर प्रतिबंध लगा दिया है, इजराइल का कहना है कि गुतारेस उसके प्रति पक्षपातपूर्ण रवैये से व्यवहार कर रहे हैं। चूंकि ईरान के हमले के बाद इजराइल की ओर से जवाबी हमले की आशंका बढ़ गई है, हालात विस्फोटक होने के आसार हो गए हैं। ऐसे में संयुक्त राष्ट्र, अमेरिका, यूरोप, भारत, चीन, जापान जैसे प्रभुत्व रखने वाले देशों की भूमिका पश्चिम एशिया में शांति की पहल को लेकर बढ़ गई है। दुनिया रूस व यूक्रेन के बीच तीन वर्ष से जारी युद्ध का सामना पहले से ही कर रही है, अब इजराइल के हमास, हिज्बुल्ला, हूती के खिलाफ संघर्ष में ईरान की एंट्री हो जाने से इसके और व्यापक, हिंसक और घातक होने का खतरा बढ़ गया है। यह कच्चे तेल की आपूर्ति प्रभावित करेगा। भारत के मध्य पूर्व के देशों के साथ करीब 180 अरब डॉलर के ट्रेड हैं, भारत कच्चा तेल खाड़ी व पश्चिम एशिया के देशों से ही प्राप्त कर रहा है, ईरान के साथ चाबहार पोर्ट डील है, इजराइल अच्छा दोस्त भी है और रक्षा आपूर्तिकर्ता भी है। मिडिल ईस्ट में करीब 90 लाख भारतीय कार्यरत हैं। हिज्बुल्ला के खिलाफ जंग के बाद पीएम नरेन्द्र मोदी ने इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के साथ सीधे बातचीत की है और पश्चिम एशिया में शांति कायम करने के भारत के दृष्टिकोण से अवगत कराया है। बेशक इजराइल हमास के हमले के बाद बदले की कार्रवाई कर रहा है, वैसे ही करीब एक वर्ष से अधिक समय से हिज्बुल्ला इजराइल के साथ छद्म युद्ध कर रहा है, उसने मजबूर होकर हिज्बुल्ला के खिलाफ प्रतिक्रियात्मक हमला शुरू किया है। यमन के चरमपंथी गुट हुती भी हमास के समर्थन में इजराइल के खिलाफ मोर्चा खोले हुए है। ईरान व इजराइल की अदावत पुरानी है, ईरान इजराइल से सीधे न टकराकर वर्षों से हमास, हिज्बुल्ला, हुती व सीरिया व इराक के शिया मिलिशिया के जरिये इजराइल से प्रॉक्सी वार लड़ रहा है। इस्लामी वर्ल्ड के अधिकांश देश इजराइल के प्रति दुश्मनी का भाव रखते हैं। इसलिए वे आतंकी गुटों की हिंसक हरकतों को भी शह देते नजर आते हैं, जो रवैया ठीक नहीं है। भारत ने हमेशा ही आतंकवाद के सभी रूपों का विरोध किया है और इसे विश्व के लिए खतरा बताया है। आज आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने की जरूरत है। भारत की चिंता मध्य पूर्व में भारतीयों की सुरक्षा भी है। इसलिए, पश्चिम एशिया में इजराइल व ईरान के अंध युद्ध को रोकने की आवश्यकता है।

## विचार

बरुण सखाजी

# सड़कों से गांवों तक पहुंचने की कोशिश, यह कोई बात बुरी तो नहीं

बीते कुछ वर्षों से विपरीत दलों की सरकारों में आपसी अदावत बढ़ी है। इस अदावत के लिए कौन जिम्मेदार है, सब जानते हैं। हर दल अपने आपको लोकतंत्र का पहरूआ बता रहा है। लेकिन इस अहंकार को नहीं छोड़ पा रहा कि वह विपक्ष में भी बैठ सकता है। 2014 के बाद से ऐसी अदावतें बढ़ी हैं। इसका कारण साफ है, सदा सत्ता मे रहने का अहंकार। जनता की राय का अपमान। साठ साल तक राज करके ऐसा स्वभाव हो जाना स्वभाविक भी है, किंतु चुनावी लोकतंत्र में इसे जितने जल्दी हो समझ लेना चाहिए। आज हैं कल नहीं हैं, कल रहेंगे परसों नहीं होंगे। जनता जिसे चाहेगी वही बैठेगा और वह वैसा ही करेगा जैसा करने के लिए उसे चुना गया है। छत्तीसगढ़ में इस बात को ठीक से समझ लिया गया है। जमीन पर महसूस किया जा रहा है। कहीं कोई चूक न हो पाए इसलिए जनता को सबसे ऊपर जानकर उससे किए वादों को पूरा किया जा रहा है। आलोचना की जा सकती है, किंतु धैर्यपूर्वक देखेंगे तो समझ आएगा आलोचना बेवजह है। चूंकि जो कहा वह करना और वह करके दिखाना ही सफल सियासत और राजनेता की पहचान है। बदले हुए दौर में समझ लेना होगा, लोगों को गुमराह करना अब संभव नहीं है।

साल 2023 के विधानसभा चुनावों में छत्तीसगढ़ में भाजपा की विजय वास्तव में बदले जनमत का ही प्रमाण है। इसमें भी सरकार संचालन के लिए ऐसे व्यक्तित्व का चयन बड़ी चुनौती थी, जिसकी स्वीकार्यता, अनुभव, विनम्रता, मिलनसारता, सियासत की समझ, विकास के कार्यों के प्रति सकारात्मक रवैया और टीम को लेकर चलने का हुनर हो। इस मामले में मोदी की गारंटी और मोदी का चयन दोनों को मानना ही पड़ेगा।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का महकमा यूं तो देशभर में सड़कों की सुंदरता, मजबूती और सुलभता के लिए जाना जाता है। लेकिन इसमें भी छत्तीसगढ़ के लिए दिल खोल देना महत्वपूर्ण बात है। सड़कों का निर्माण एक सतत प्रक्रिया है। 2018 तक प्रदेश में सड़कों का निर्माण सामान्यतः अच्छी रफ्तार से चल रहा था, किंतु बाद के कुछ वर्ष जैसे काम रुक गया। न गलियों में निर्माण हो रहा था, न गांवों में। जो नेशनल हाईवे भी बन रहे थे तो उन्हें भी स्टेट लेवल के क्लीयरेंस गैर प्राथमिकता में मिलता था। यानि मिल गया तो मिल गया नहीं तो किसी को पड़ी नहीं थी। परंतु अब ऐसा नहीं है।

नए दौर में सड़कों को लेकर सरकार आंतरिक रूप से स्पष्ट है। वह मानती है, भले ही कितनी ही रफ्तार से समाज में बदलाव हो रहे हों, लेकिन सड़क, बिजली, पानी मूलभूत जरूरतें बनी रहेंगी। जो भी सरकार इनसे खिलवाड़ करेगी, उसे भुगतना पड़ेगा। इस बात को जो राजनीतिक दल सत्ता में रहते ही समझ जाए वह समझदार, अन्यथा अहंकार तो कोई भी कुर्सियों पर विराजते ही पाल ही लेते हैं। प्रदेश की दुखती रग रहा है जशपुर, पत्थलगांव रोड, केशकाल का घंटो जाम को मजबूर टेढ़ामेढ़ा रास्ता, बस्तर को और दूर करता धमतरी-जगदलपुर का रास्ता। बस्तर के अन्य आंतरिक रास्ते, सरगुजा के भीतरी इलाकों के रोड, बिलासपुर संभाग में आने वाले जिलों की सड़कें। यह सब चीख-चीखकर कह रही हैं इनका निर्माण जरूरी है। वर्तमान सरकार ने सारी बातों को मजबूती से रखा। मुख्यमंत्री ने पूरी सच्चाई से गडकरी से सहयोग मांगा। विभागीय मंत्री ने भी कोई कसर नहीं छोड़ी। पैसा भी मिला, समय-सीमा का वादा भी मिला और प्रदेश की ओर से वचनबद्धता भी दी गई। यही होना चाहिए। केंद्र बड़प्पन दिखाता है और प्रदेश अपने गरिमा और आवश्यकता के अनुरूप काम करते हैं। वाद-विवाद की कोई जगह नहीं होती।

छत्तीसगढ़ में पिछले कुछ वर्षों में विवाद ने स्थान लिया था। असहमतियों का भ्रम खड़ा किया गया। संकुचित राजनीतिक सोच के चलते टकराव पैदा किए गए। अब यह सब खत्म हो गए हैं। नतीजे में प्रदेश को हजारों करोड़ की सड़कें मिल रही हैं। यह सड़कें एक ही दल की केंद्र और प्रदेश में सरकार होने से भी मिल रही हैं। संभवतः इसे ही डबल इंजन की सरकार कहा गया था। सड़कों के जरिए गांवों तक पहुंचने की कोशिश, कोई बात बुरी तो नहीं है। क्या इसकी भी आलोचना करेंगे आप? *-लेखक राजनीतिक विश्लेषक*



आदि शक्ति
प्रमोद भार्गव


# असीम ऊर्जा की प्रतीक देवी दुर्गा

**दैवीय शक्तियां वे हैं, जो मनुष्य के अनुकूल हैं, अर्थात फलदायी हैं और आसुरी शक्तियां वे हैं, जो मनुष्य के प्रतिकूल हैं, अर्थात उसे हानि पहुंचाने में समर्थ हैं। नवरात्रों का आयोजन दो ऋतुओं की परिवर्तन की जिस वेला में होता है, वह इस बात का द्योतक है कि जीवन में बदलाव की स्वीकार्यता अनिवार्य है। नवरात्रों का आयोजन अश्विन मास के शुक्ल पक्ष में किया जाता है। शुक्ल पक्ष घटते अंधकार या अज्ञान का प्रतीक है, वहीं कृष्ण पक्ष बढ़ते अंधकार और अज्ञान का प्रतीक है। प्रति माह उत्सर्जित और विलोपित होने वाले यही दोनों पक्ष जीवन के सकारात्मक व नकारात्मक पक्ष की प्रवृत्तियां हैं। इन्हीं विरोधाभासी पक्षों में सामंजस्य बिठाने का काम दुर्गा के बहुआयामी रूप करते हैं।**

भारत में देवी की पूजा वैदिक युग में ही आरंभ हो गई थी। ऋग्वेद के देवी सूक्तम में सभी देवताओं की आंतरिक शक्ति की बात कही गई है, जो ऊर्जा की प्रतीक है। हरिवंश पुराण में कालरात्रि, निद्रा और योगमाया के समन्वित रूपों के बारे में बताया है कि जब भगवान विष्णु नींद में होते हैं, तब देवी दुर्गा ही विश्व की सुरक्षा करती हैं। इसीलिए देवी कालरात्रि की काया का रंग घने अंधकार की तरह काला है और सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में बिजली की तरह चमकने वाली माला डली है। इनकी तीन आंखें हैं। तीनों नेत्र ब्रह्मांड के सामान अंडाकार हैं। इन चक्षुओं से तीव्र विद्युत की किरणें निरंतर प्रवाहित होती रहती हैं। जो अक्षय ऊर्जा की द्योतक हैं। यही ऊर्जा सृष्टि में फैली हुई है। इसी ऊर्जा में भगवान शिव का अर्धनारीश्वर रूप दृष्टिगोचर होता रहता है। इस रूप के स्त्री रूप से आशय विज्ञान सम्मत मानव संरचना में एक्स तत्व से है और पुरुष रूप में वाय तत्व से है। अर्थात यह रूप स्त्री-पुरुष में समानता जताता है। भारतीय वांग्मय में काम-ऊर्जा को सबसे शक्तिशाली ऊर्जा माना गया। इसीलिए पुरुष में जब वाय गुणसूत्र की अधिकता होती है तो पुरुष और स्त्रियोचित गुण एक्स की अधिकता होती है तो स्त्री का जन्म होता है। दैवीय शक्तियां वे हैं, जो मनुष्य के अनुकूल हैं, अर्थात फलदायी हैं और आसुरी शक्तियां वे हैं, जो मनुष्य के प्रतिकूल हैं, अर्थात उसे हानि पहुंचाने में समर्थ हैं। नवरात्रों का आयोजन दो ऋतुओं की परिवर्तन की जिस वेला में होता है, वह इस बात का द्योतक है कि जीवन में बदलाव की स्वीकार्यता अनिवार्य है।

नवरात्रों का आयोजन अश्विन मास के शुक्ल पक्ष में किया जाता है। शुक्ल पक्ष घटते अंधकार या अज्ञान का प्रतीक है, वहीं कृष्ण पक्ष बढ़ते अंधकार और अज्ञान का प्रतीक है। प्रति माह उत्सर्जित और विलोपित होने वाले यही दोनों पक्ष जीवन के सकारात्मक और नकारात्मक पक्ष की प्रवृत्तियां हैं। प्रकृति से लेकर जीवन में हर जगह अंतर्विरोध व्याप्त है। इन्हीं विरोधाभासी पक्षों में सामंजस्य बिठाने का काम दुर्गा के बहुआयामी रूप करते हैं। मार्कंडेय पुराण में प्रकाश और ऊर्जा के बारे में कहा गया है कि 'देवों ने एक प्रकाश पुंज देखा, जो एक विशाल पर्वत के समान प्रदीप्त था। उसकी लपटों से समूचा आकाश भर गया था। फिर यह प्रकाश पुंज एक पिंड में बदलता चला गया, जो एक शरीर के रूप में अस्तित्व में आया। फिर वह कालांतर में एक स्त्री के शरीर के रूप में आश्चर्यजनक ढंग से परिवर्तित हो गया। इससे प्रस्फुटित हो रही किरणों ने तीनों लोकों को आलोकित कर दिया। प्रकाश और ऊर्जा का यही समन्वित रूप आदि शक्ति या आदि मां कहलाईं। छान्दोग्य उपनिषद में कहा गया है कि 'अव्यक्त से उत्पन्न तीन तत्वों अग्नि, जल और पृथ्वी के तीन रंग सारी वस्तुओं में अंतर्निहित हैं। अतः यही सृष्टि और जीवन के मूल तत्व हैं। अतएव प्रकृति की यही ऊर्जा जीवन के जन्म और उसकी गति का मुख्य आधार है।' इस अवधारणा से जो देवी प्रकट होती है, वही देवी महिषासुरमर्दिनी है।

इसे ही पुराणों में ब्रह्मांड की मां कहा गया है। इसके भीतर सौंदर्य और भव्यता, प्रज्ञा और शौर्य, मृदुलता और शांति विद्यमान हैं। चरित्र के इन्हीं उदात्त तत्वों से फूटती



ऊर्जा इस देवी के चेहरे को प्रगल्भ बनाए रखने का काम करती है। ऋषियों ने इसे ही स्त्री की नैसर्गिक आदि शक्ति माना है और फिर इसी का दुर्गा के नाना रूपों में मानवीकरण किया है। उपनिषदों में इन्हीं विविध रूपों को महामाया, योगमाया और योगनिद्रा के नामों से चित्रित व रेखांकित किया गया। इनमें भी महामाया को ईश्वर या प्रकृति की सर्वोच्च सत्ता मानकर विद्या एवं अविद्या में विभाजित किया गया है। विद्या व्यक्ति में आनंद का अनुभव कराती है, जबकि अविद्या सांसारिक इच्छाओं और मोह के जंजाल में जकड़ती है। विद्या को ही योगमाया या योगनिद्रा के नामों से जाना जाता है। योगमाया सृष्टि की वैश्विक व्यवस्था का प्रतीक है, जबकि योगनिद्रा सृष्टा की समाधि की अवस्था में आई निद्रा है। यह स्थिति चेतन अवस्था से अंधकार के क्षेत्र में प्रवेश को दर्शाती है, जो प्रलय की भी द्योतक है।

अंततः यही आदि शक्तियां क्षीर सागर में शेषशय्या पर लेटे भगवान नारायण, नारायण यानी जल में निवास करने वाले विष्णु को चेताती है कि समाधि के शून्य-भाव से जागो और अंधकारमयी विरोधी ताकतों से ब्रह्मांड को मुक्त कराओ। देवी की प्रकृति रूपी यही अवस्थाएं सत्व, रज और तम गुणों में रूपांतरित होकर सृष्टि को संतुलित बनाए रखने का काम करती हैं। इसीलिए देवी को असाधारण शक्ति कहा गया है। जब ब्रह्मांड में ऊर्जा का विघटन होता है तो आसुरी शक्तियां जागृत हो जाती हैं। ऊर्जा जब अव्यवस्थित हो जाती है, तब ध्वंसात्मक स्थितियों का निर्माण होता है। आज विध्वंसकारी वैज्ञानिक प्रयोगों के चलते दुनियाभर में ऊर्जा का ध्वंसात्मक रूप दिखाई दे रहा है। इस ऊर्जा को अक्षुण्ण बनाए रखने का काम ब्रह्मा, विष्णु, महेश करते हैं। देवी महात्म्य में कहा भी गया है कि देव और असुरों के बीच जब महायुद्ध हुआ तो वह सौ दिन तक चला। इस समय राक्षस महिश असुरों का राजा था और इंद्र देवताओं के अधिपति थे। इस संघर्ष में असुरों ने देवताओं को परास्त कर दिया। फलतः महिश देवों का भी सम्राट बन बैठा। पराजित देवता प्रजापति ब्रह्मा के नेतृत्व में विष्णु व शिव के पास गए और उन्होंने युद्ध और फिर पराजय का दुःखद वृत्तांत सुनाया। इसे सुनकर दोनों आक्रोश से लाल हो गए। विष्णु ने मुख खोला और उससे तीव्र गति से अक्षय ऊर्जा बाहर आई। ऐसा ही रोष ब्रह्मा और शिव ने ऊर्जा के रूप में मुख से प्रकट किया। अन्य देवों ने भी अपने मुखों से ऊर्जा छोड़ी। ऊर्जा के इस प्रवाह से नकारात्मक ऊर्जा सकारात्मक ऊर्जा में परिवर्तित होने लग गई। मुखों से उत्सर्जित इन ऊर्जा रूपी लपटों ने एक पर्वत का आकार ग्रहण कर लिया। इसी पर्वत से कात्यायनी प्रकट हुईं। दुर्गा का यही रूप महिषासुर मर्दिनी कहलाया। लीला भाव में यही दुर्गा चार पैरों के राजा सिंह की पीठ से टिककर खड़ी हैं। सिंह भी क्रूर शक्ति का प्रतीक है, लेकिन उसे वश में कर लिया गया है। देवी अराजक महिश के शरीर को रौंद रही हैं। महिश शक्तिशाली तो है, लेकिन उसका आचरण क्रूर है, इसलिए वह ब्रह्मांड के आध्यात्मिक आधार के अनुकूल नहीं है।

यही कारण है कि कात्यायनी महिश को पददलित कर उसके अहंकार को चूर-चूर कर देती हैं। महिश के प्राण हरने के बाद कात्यायनी महिषासुर-मर्दिनी कहलाती हैं। इसीलिए इन्हें ब्रह्मांड की जननी कहा गया, जो पृथ्वी की प्रतीक है। ऋग्वेद में कहा है कि 'ज्ञान के सभी विषय और क्रियाकलाप अंततः देवी के रूप हैं। आरंभ से लेकर अब तक नारियां मां का रूप हैं। नारी के मातृत्व की डिंब में स्थित इस ऊर्जा को प्रजापति ब्रह्मा ने स्वयं विभाजित करके मानव के अस्तित्व को सृजित किया था। वह नारी ही है, जो अपनी ऊर्जा से मनुष्य को मनुष्यतत्व प्रदान करती है। साफ है, भगवती दुर्गा मूल प्रकृति का वह रूप है, जिसमें समस्त शक्तियां समाहित हैं।

(लेखक वरिष्ठ साहित्यकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# सब प्राणियों का मार्गदर्शन करती हैं मां जगदंबा



संकलित
**दर्शन**

इस जगत की प्रत्येक वस्तु, चर या अचर का मूल स्रोत एक निगूढ़ शक्ति है, जो तर्क और बुद्धि की सीमा के परे है! कोई पूछे कि यह शक्ति स्त्रीलिंग है या पुंल्लिंग, तो उत्तर के स्त्रीलिंग होने की संभावना अधिक है। जैसे एक नए जीवन को गढ़ने के लिए सहनशीलता, धैर्य, करुणा और क्षमता एक मां में ही होती है, वैसे ही विश्वमातृत्व की अनंत शक्ति ही इतने महत एवं विशाल जगत को जन्म दे सकती है। नवरात्र में, पहले तीन दिन दुर्गा देवी की उपासना की जाती है, फिर अगले तीन दिन लक्ष्मी देवी की और अंतिम के तीन दिन सरस्वती देवी की! देवी के ये तीन रूप क्रमशः तीन गुणों के प्रतीक हैं-तमोगुण, रजोगुण और सतोगुण। यहां हम आश्चर्य में पड़ सकते हैं कि दुर्गा देवी तम की प्रतीक क्यों? भौतिक जगत में रहते हुए थोड़े-बहुत तमोगुण की भी आवश्यकता होती है। तमस पर्याप्त न हो तो हम ठीक से सो भी नहीं पाएंगे। आज कितने लोग अनिद्रा से ग्रस्त नींद की गोलियों के आदी हैं? क्यों उन्हें ठीक से नींद नहीं आती? क्योंकि उनके शरीर में तमस की कमी है। अतः वे अपने शरीर में कृत्रिम रूप से तमस का निर्माण करते हैं! बीच के तीन दिन, देवी की पूजा लक्ष्मी रूप में होती है-रजोगुण के रूप में, जिसकी आवश्यकता किसी भी कार्य को करने में होती है। पैसा कमाना हो, चाहे कोई इच्छा पूरी करनी हो। शरीर में अत्यधिक या अति न्यून रजोगुण होना भी समस्याएं खड़ी करता है। अत्यधिक रजोगुण होगा तो ठीक से सोच भी नहीं सकते और शांति-विश्रांति भी दूर रहती है।

# मूर्ख साधू और ठग



संकलित
**प्रेरणा**

किसी गांव के मंदिर में देव शर्मा नाम का एक प्रतिष्ठित साधू रहता था। उसे अपने भक्तों से दान में तरह- तरह के वस्त्र, उपहार, खाद्य सामग्री और पैसे मिलते थे। उन वस्त्रों को बेचकर साधू ने काफी धन जमा कर लिया था। वह अपने धन को एक पोटली में रखता था और उसे हमेशा अपने साथ लेकर ही चलता था। उसी गांव में एक ठग रहता था। ठग हमेशा साधू का पीछा किया करता था, लेकिन साधू उस गठरी को कभी अपने से अलग नहीं होने देता। उसने साधू से मिन्नत की कि वह उसे अपना शिष्य बना ले क्योंकि वह ज्ञान प्राप्त करना चाहता था। साधू तैयार हो गया और इस तरह से वह ठग साधू के साथ ही मंदिर में रहने लगा। ठग मंदिर की साफ सफाई से लेकर अन्य सभी कार्य भी करता था। एक दिन साधू को पास के गांव में एक अनुष्ठान के लिए आमंत्रित किया गया, साधू ने वह आमंत्रण स्वीकार किया और निश्चित दिन साधू अपने शिष्य के साथ अनुष्ठान में भाग लेने के लिए निकल पड़ा। रास्ते में एक नदी पड़ी और साधू ने स्नान करने की इच्छा व्यक्त की। उसने पैसों की गठरी को एक कम्बल के भीतर रखा और उसे नदी के किनारे रख दिया। उसने ठग से सामान की रखवाली करने को कहा और खुद नहाने चला गया। ठग को तो कब से इसी पल का इंतज़ार था। जैसे ही साधू नदी में डुबकी लगाने गया, वह रुपयों की गठरी लेकर चम्पत हो गया। शिक्षाः किसी अजनबी की चिकनी चुपड़ी बातों में आकर ही उस पर विश्वास नहीं कर लेना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सत्य और असत्य की पहचान

जब हम कोई गलत काम करते हैं या गलत का साथ देते हैं, तो उसका प्रभाव हम पर भी पड़ता है। एक बार श्री कृष्ण जी से कर्ण ने पूछा, मेरी मां ने जन्म देते ही मुझे त्याग दिया, द्रोणाचार्य ने मुझे शिक्षा नहीं दी, परशुराम जी ने भी मुझे श्राप दिया कि मैं अपनी विद्या भूल जाऊं। द्रौपदी के स्वयंवर में मुझे अपमानित किया गया। ऐसा होने पर अगर मैं दुर्योधन का साथ दे रहा हूं, तो इसमें गलत क्या है? कर्ण के सवालों का जवाब देते हुए, श्री कृष्णजी बोले सबके जीवन में कठिनाइयां होती है, लेकिन सत्य और असत्य की पहचान हमें विवेक से करनी चाहिए, बेशक हमारे साथ अन्याय ही क्यों न हुआ हो। हमें कभी भी गलत का साथ नहीं देना चाहिए, दुर्योधन अधर्म के रास्ते पर था, तुम्हें उसका साथ नहीं देना चाहिए था। *- मिलिंद जोशी, रायपुर*

## ट्रेंड

### स्वच्छ भारत के दस साल



आज हम 'स्वच्छ भारत के दस साल' का जश्न मना रहे हैं, जो भारत को स्वच्छ बनाने और बेहतर स्वच्छता सुविधाएं सुनिश्चित करने का एक महत्वपूर्ण सामूहिक प्रयास है। मैं उन सभी को सलाम करता हूं जिन्होंने इस आंदोलन को सफल बनाने के लिए काम किया है!
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### टिम वाल्ज़ जैसे नेता जरूरी



आज की बहस इस बात की याद दिलाती है कि इस चुनाव में क्या दांव पर लगा है। यह पूरे देश में कामकाजी परिवारों और अमेरिकियों के लिए वास्तविक समाधानों पर केंद्रित है। हमें टिम वाल्ज़ जैसे नेताओं की जरूरत है जो प्रगति के लिए लड़ेंगे।
**-बराक ओबामा, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति**

### भारतीयों को वापस लाएं



इज़राइल और ईरान के बीच युद्ध जैसी स्थिति है। भारत के कई परिवार चिंतित हैं क्योंकि उनके परिजन इन देशों में काम कर रहे हैं। मैं भारत सरकार से निवेदन करता हूं कि जो भी भारतीय वापस आना चाहें, उन्हें वापस लाने की व्यवस्था करें।
**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली**

### स्वदेशी की सोच



गांधी जी की शिक्षा आज भी हमारे जीवन को आकार देती हैं। आज के दौर में जब हम आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ रहे हैं, उनकी स्वदेशी की सोच हमें लगातार प्रेरित कर रही है।
**-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# बीजिंग में गांधी जयंती पर चीनी कलाकारों की प्रस्तुति



चीन के विशाल चाओयांग पार्क में बुधवार को गांधी जयंती मनाई गई, जिसमें स्थानीय स्कूली बच्चों ने मंदारिन भाषा में उनकी शिक्षाओं का उल्लेख किया और बीजिंग के कलाकारों ने उनके पसंदीदा भजन पर ओडिसी नृत्य प्रस्तुत किया। बीजिंग का मनोरम चाओयांग पार्क चीनी स्कूली बच्चों के एक समूह द्वारा मंदारिन भाषा में उनके उपदेशों के पाठ से जीवंत हो उठा। इस पार्क में 2005 में प्रसिद्ध चीनी मूर्तिकार प्रो. युआन शिकुन द्वारा बनाई गयी महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थापित की गई थी। इसके बाद बीजिंग की प्रसिद्ध ओडिसी नृत्यांगना झांग जिंगहुई और उनके दल द्वारा 'वैष्णव जन तो' पर एक भावपूर्ण ओडिसी नृत्य प्रस्तुति दी गई। भारतीय समुदाय ने नाटक "अहिंसा : गांधी मार्ग" का मंचन किया, जिसका निर्देशन और लेखन क्रमश : केतकी ठाकर और आयुषी सुगंधी ने किया। राजदूत प्रदीप कुमार रावत के नेतृत्व में भारतीय राजनयिकों के अलावा मालदीव में चीनी राजदूत डॉ. फजील नजीब, बीजिंग स्थित भारतीय प्रवासी और महात्मा गांधी के स्थानीय प्रशंसकों ने प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। रावत ने अपने भाषण में महात्मा गांधी की प्रतिमा बनाने के लिए प्रोफेसर युआन शिकुन की सराहना की।


## ऑफ बीट

# दुनिया के सबसे ताकतवर व्यक्ति पर हुआ अध्ययन




दुनियाभर की कई संस्कृतियों में किसी के 'अलौकिक' ताकत हासिल करने को लंबे समय से अच्छा माना जाता रहा है। इतिहास को दर्ज किए जाने की शुरुआत से पहले से लेकर आज तक शिकार, बड़ी इमारतों व स्मारकों का निर्माण, युद्ध और खेल समेत जीवन के कई पहलुओं में शारीरिक तंदरुस्ती का महत्व झलकता है। मानव शक्ति और सामर्थ्य का वर्तमान शिखर संभवत : ताकतवर लोगों यानी 'स्ट्रांगमैन'' के खेल में प्रदर्शित होता है। ताकतवर लोगों की प्रतियोगिताएं अधिक आम होती जा रही हैं। विभिन्न आयु और क्षमता के पुरुष व महिलाएं अब क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेते हैं। स्ट्रांगमैन के प्रशिक्षण व प्रतियोगिताओं में आमतौर पर पारंपरिक 'बारबेल' आधारित व्यायाम जैसे 'स्क्वाट्स', 'डेडलिफ्ट्स' और 'प्रेस' शामिल होते हैं, लेकिन इसके अलावा विशिष्ट स्ट्रांगमैन स्पर्धाएं भी आयोजित की जाती हैं। विशिष्ट स्ट्रांगमैन स्पर्धाओं में अक्सर प्रतियोगियों को अपने प्रतिद्वंद्वियों की तुलना में एक निश्चित समयावधि में कई प्रकार के अजीब, भारी उपकरणों पर ताकत आजमानी होती है।





Smart Hybrid Technology


SmartPlay Studio


Automatic Transmission


K15 (1.5L) Petrol Engine

NEXA Safety Shield
Standard Across All Variants

- SUZUKI-TECT BODY
- DUAL FRONT AIRBAGS
- ESP
- SEAT BELT PRE-TENSIONERS WITH FORCE LIMITERS
- ISOFIX CHILD SEAT ANCHORAGES
- PEDESTRIAN PROTECTION COMPLIANCE
- COMPLIANT WITH -
  - FULL FRONTAL IMPACT
  - FRONTAL OFFSET IMPACT
  - SIDE IMPACT

T&C apply. Feature and accessories shown may not be part of standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to lighting effect. Images used are for illustration purposes only.

**VISIT YOUR NEAREST NEXA DEALERSHIP TO AVAIL EXCITING BENEFITS.**

Scan to know more about Ciaz | Scan to chat on WhatsApp

**RAIPUR: NEXA ONE RING ROAD** (SPARSH AUTOMOBILES PH: 9926127774), **NEXA MAGNETO** (SKY AUTOMOBILES PH: 9111107011), **NEXA VIDHAN SABHA ROAD** (VISHWABHARTI AUTOMOBILES PVT. LTD. PH: 6262620047), **BHILAI: NEXA SUPELA** (SPARSH AUTOMOBILES PH: 9589214824), **DURG: NEXA DURG BYPASS** (CHOUHAN AUTOMOBILES LLP. PH: 7909999302), **JAGDALPUR: NEXA JAGDALPUR** (SKY AUTOMOBILES PH: 9584433160).

Contact us at **1800-200-[6392], 1800-102-[NEXA]** and visit **www.nexaexperience.com** to book online.

Creative visualisation. For details on functioning of safety features, including airbags, kindly refer to Owner's manual. #All offers are brought to you by NEXA dealers only. Offers may vary subject to the model and variant purchased. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. All offers are applicable till 31st October '24 or till stocks last. Maruti Suzuki Smart Finance is now available pan-India. Maruti Suzuki Subscribe available only in selected cities. *3 years or 100 000 km whichever is earlier.

## जैकेट के शेष

### घट स्थापना के लिए ....

शारदीय नवरात्र की शुरुआत होगी। कलश स्थापना का मुहूर्त कन्या लग्न में सुबह 6 बजे से लेकर सुबह 7:05 तक है। वहीं, अभिजीत में मुहूर्त सुबह 11:31 से लेकर दोपहर 12:19 तक है। इस तरह से इस बार अभिजीत मुहूर्त में कलश स्थापना के लिए मात्र 50 मिनट ही मिलेंगे। गुरुवार का दिन होने के कारण इस बार माता का आगमन पालकी में होगा। आज दुर्लभ इंद्र योग का निर्माण हो रहा है। इस योग का संयोग दिन भर है। इसका समापन 4 अक्टूबर को सुबह 4 बजकर 24 मिनट पर होगा। इसके साथ ही आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि पर हस्त नक्षत्र का संयोग दोपहर 3 बजकर 22 मिनट तक है। इसके बाद चित्रा नक्षत्र का संयोग बनेगा।

### चतुर्थी 6 और ....

अक्टूबर को मनाई जाएगी। वहीं नवमी तिथि का क्षय होने पर महाअष्टमी और महानवमी का व्रत 11 अक्टूबर को रखा जाएगा। इसके पश्चात 12 अक्टूबर को दशहरा पर्व मनाया जाएगा।

### मां शक्ति की ....

मूर्ति तैयार होने के पश्चात इसमें दरारें नहीं पड़ें, इसलिए इस पर तेल का लेप लगाया गया। रायपुर के आमापारा में यह प्रतिमा विराजित होगी। समिति के अध्यक्ष और पार्षद दीपक जयसवाल ने बताया कि रायपुर में पहली बार अपने तरह की अनोखी प्रतिमा स्थापित की जा रही है। न्यू आजाद दुर्गोत्सव समिति द्वारा पिछले वर्ष कच्ची हल्दी से निर्मित माता की प्रतिमा स्थापित की गई थी। उत्सव का यह 47वां वर्ष है। मूर्तिकार सुरेश प्रजापति ने इसे तैयार किया है। 10 फीट ऊंची इस प्रतिमा के निर्माण में एक महीने से अधिक का समय लगा। समिति सदस्यों ने बताया कि पूजन सामग्री में प्रयुक्त होने वाली चीजों से ही प्रतिमा निर्माण का विचार आया। पिछले वर्ष इसके लिए हल्दी का प्रयोग किया गया था। इस बार सिंदूर को चुना।

### लेबनान में घुसी ....

से लड़ाई लड़ रहा है। इजराइली डिफेंस फोर्स ने बताया कि हमला मोसाद हेडक्वार्टर, नेवातिम एयरबेस और तेल नोफ एयरबेस को निशाना बनाकर किया गया था। ईरान की ज्यादातर मिसाइलों को इजराइल के डिफेंस सिस्टम ने नष्ट कर दिया था। इधर, इजरायल के विदेश मंत्री ने संयुक्त राष्ट्र प्रमुख पर इजरायल के खिलाफ पूर्वाग्रह रखने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें देश में घुसने नहीं दिया जाएगा। इजरायल के विदेश मंत्री का कहना है कि संयुक्त राष्ट्र प्रमुख को देश में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। विदेश मंत्री ने बुधवार को कहा कि वह संयुक्त राष्ट्र महासचिव को इजरायल में प्रवेश करने से रोक रहे हैं, उन्होंने उन पर देश के खिलाफ पक्षपाती होने का आरोप लगाया है।

**इजरायल दूतावास के पास धमाका** : डेनमार्क में इजरायल के दूतावास के बाद दो बड़े धमाके होने से हड़कंप मच गया है। अब यह धमाके किसने किए, अभी तक साफ नहीं, लेकिन लोगों में दहशत का माहौल है। इन धमाकों की जांच भी शुरू कर दी गई है।

**बाइडन बोले- ईरान का हमला विफल** : अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि इजराइल पर ईरान का मिसाइल हमला विफल और निष्प्रभावी प्रतीत होता है। ईरान ने मंगलवार रात को इजराइल को निशाना बनाकर करीब 200 मिसाइलें दागी थीं। अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक कार्यालय एवं आवास में बाइडन ने कहा, मेरे निर्देश पर अमेरिका की सेना ने इजराइल की रक्षा में सक्रिय रूप से सहयोग किया। हम अभी प्रभाव का आकलन कर रहे हैं, लेकिन प्राप्त सूचना के आधार पर हमला विफल और निष्प्रभावी प्रतीत होता है और यह इजराइल की सैन्य क्षमता और इस तरह के हमलों को रोकने के संबंध में अमेरिका एवं इजराइल के बीच गहन योजना का भी प्रमाण है।

**नेतन्याहू ने रणनीति पर की चर्चा** : इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने तेल अवीव में देश के सभी सिक्योरिटी चीफ्स के साथ बैठक की। बैठक का मकसद ईरान के मिसाइल हमले का जवाब देने के लिए रणनीति तय करना था। इस मीटिंग में नेतन्याहू के साथ रक्षा मंत्री योव गैलेंट, मोसाद डायरेक्टर डेविड बार्निया, आईडीएफ चीफ ऑफ स्टाफ हर्जी हालेवी और शिन बेत के हेड रोनेन बार शामिल हुए।

### आकाशीय बिजली से ....

को ग्रामीणों के द्वारा कंधे में लादकर मुख्य सड़क तक लाया गया और फिर से वहां से एंबुलेंस से ज़िला अस्पताल रेफर किया गया है।

## पेज एक के शेष

### अनुज चाहिए या अनुज...

कहा है कि-प्रस्तुति के लिए अनुज शर्मा या अनुज शर्मा जैसा कलाकार चाहिए। इसी तरह गरिमा दिवाकर या उनके जैसा कलाकार होना चाहिए। कार्यक्रम का जो पोस्टर जारी किया गया है उसमें इन्हीं दोनों कलाकारों की प्रस्तुति का जिक्र है। इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सवाल उठाए। अनुज शर्मा ने हरिभूमि से कहा कि कार्यक्रम में प्रस्तुति करने के लिए कहा गया है। वैसे विधायक बनने के बाद मैं कम ही कार्यक्रम करता हूं। धमतरी जिला प्रशासन द्वारा जारी किए गए टेंडर में रखी गई शर्तों को लेकर विवाद होना था, हो भी गया। इस टेंडर में आर्टिस्ट परफॉरमेंस के संबंध में जो शर्तें रखी गई हैं, वे चौंकाने वाली हैं। एक भाजपा विधायक एवं कलाकार अनुज शर्मा के नाम का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि आर्टिस्ट परफॉरमेंस अनुज शर्मा के बराबर (इक्वीलेंट) या उनके जैसी होनी चाहिए। यही बात एक कलाकार गरिमा दिवाकर ने नाम से कही गई है और ये शर्त टेंडर में शामिल है।

### भूपेश ने ट्वीट कर...

कलाकार को अनुज शर्मा या बराबर के स्तर का होना चाहिए। अब वे छत्तीसगढ़ में प्रतिभा के मानक हो गए हैं? क्या वे इतने बड़े कलाकार हैं कि सरकारी टेंडर कहे कि हमें उनके जैसा कलाकार चाहिए? और मजेदार बात है कि एक ओर कलाकार के लिए टेंडर निकला है और दूसरी ओर अनुज शर्मा पहले से ही इस उत्सव में कलाकार के रूप में शामिल थे, तो टेंडर था किसलिए?

### टेंडर की मुझे कोई...

आने के बाद मैंने ऐसे एक भी कार्यक्रम नहीं किया है। चक्रधर समारोह अंतर्राष्ट्रीय स्तर का आयोजन था उसमें मैंने अपनी प्रस्तुति दी थी। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा सोशल मीडिया में ट्वीट कर भाजपा सरकार के द्वारा उन्हें पद्मश्री दिलवाए जाने की टिप्पणी पर कहा कि मुझे प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में पद्म श्री मिला था। केंद्र की भाजपा सरकार के समय नहीं।
-**अनुज शर्मा**, विधायक धरसींवा

### कलाकारों का पेमेंट...

कमोबेश यही स्थिति बनी हुई है। कलाकारों का पेमेंट आधा कर दिया गया है। सरकारी टेंडर में किसी कलाकार को मापदंड बनाकर पात्रता रखना गलत है। संस्कृति विभाग के अफसर अपने मनमर्जी से टेंडर में शर्त डाल रहे हैं। ऐसा कदापित नहीं होना चाहिए। ये कोई मापदंड नहीं है। धमतरी के जल जगार कार्यक्रम के टेंडर में यह मापदंड गलत है।

### उठ रहे हैं ये ...

सकता है। जानकारों का कहना है कि आम तौर पर इस तरह की शर्तें टेंडर में होती नहीं है। यह टेंडर धमतरी जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर के नाम से जारी किया गया है। जल जगार का आयोजन 5-6 अक्टूबर को धमतरी के करीब गंगरेल बांध में रखा गया है। यह टेंडर 30 अगस्त को जारी किया गया है। इसके लिए प्री बिड मीटिंग 9 सितंबर को हो चुकी है। 13 सितंबर को टेंडर खुल भी चुका है। इन शर्तों के संबंध में जानकारी एवं जिला प्रशासन का पक्ष लेने कलेक्टर धमतरी से संपर्क की कोशिश की गई, लेकिन मोबाइल पर बात नहीं हो सकी है।

### आखिरी उड़ान के...

पार्किंग सहित अन्य सुविधाओं का विस्तार किया गया, मगर विमानन कंपनियों के आगे नहीं आने की वजह से मामला ठंडा पड़ गया।

### पहली कोलकाता और...

शेड्यूल के हिसाब से मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद, भोपाल, इंदौर, लखनऊ, गोवा, अहमदाबाद सहित दर्जनभर शहरों के लिए विमानों का संचालन होता है। यहां साप्ताहिक आंकड़ों में साढ़े तीन सौ से अधिक बार विमानों की आवाजाही और सफर करने वालों की संख्या 48 से 49 हजार के बीच होती है।

### इंटरनेशनल फ्लाइट और...

बाद भी छत्तीसगढ़ को दूसरे देश से जोड़ने के लिए फ्लाइट अभी भी शेड्यूल में नहीं आ पाई है। व्यापारिक संबंधों को और पुख्ता करने के लिए यहां कार्गो की योजना भी है, मगर प्रशासनिक प्रक्रिया के कारण इस पर भी अब तक काम पूरा नहीं हो पाया है।

### न्याय यात्रा के समापन...

कांग्रेस नेताओं ने सरकार पर जमकर निशाना साधा। कांग्रेस नेताओं ने मंच से कहा, भाजपा सरकार 9 महीने में असफल हो चुकी है। प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट ने कहा, नौ महीने में ही सरकार अपना विश्वास खो चुकी है। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार हमेशा विपक्ष को दबाने की कोशिश करती है। प्रदेश में कानून व्यवस्था खत्म है, भाजपा जनता का विश्वास खो चुकी है। जनता से जुड़कर हमने सरकार को सचेत किया है कि वह बाज आ जाए। उन्होंने कहा, ये शुरुआत है, यह न्याय यात्रा सरकार की नींद खोलने के लिये निकाली गई। सरकार अगर बाज नहीं आयेगी, कार्यशैली में सुधार नहीं लायेगी, शोषण बंद नहीं करेगी, हमारे दलित आदिवासियों के सपने को पूरा नहीं करेगी, तो कांग्रेस छत्तीसगढ़ सरकार नींद हराम करने लिये एक और संग्राम छेड़ेगी, लेकिन इनको सोने नहीं देंगे। उन्होंने कहा, 10 महीने सरकार के बीत जाने के बाद जो 130 किमी की न्याय यात्रा इस यात्रा को सफलता से आयोजित करने के लिये आम जन को इस यात्रा से जोड़ने, सरकार की जो नाकामियां हैं, उसको रेखांकित करने का काम किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और पूरे प्रदेश कांग्रेस कमेटी को बधाई दी। पत्रकारों ने मुझसे पूछा कि सरकार का 1 साल पूरा नहीं हुआ है और न्याय यात्रा निकाल रहे हैं? पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुये मैंने कहा, कांग्रेस पार्टी को शौक नहीं है, मजबूरी में इस यात्रा को निकालने का निर्णय लिया गया। यात्रा निकालने का उद्देश्य था सत्ता के नशे में चूर जो सरकार बैठी है, उसकी नींद खोलने का काम हम करना चाहते हैं। जवाबदेही तय करना चाहते थे। पहली बार किसी राज्य में हिंसक वारदातें होती हैं, तो कलेक्टर, एसपी अपनी जिम्मेदारी छोड़ कर भाग रहे हैं। लोगों को उनके हालात पर छोड़ दे रहे हैं। भाजपा की सरकार अपनी नाकामियां छुपाने के लिये कांग्रेस के लोगों को बदनाम करने झूठे मुकदमे लगाती है।

### यात्रा अभी खत्म नहीं हुई...

नही देंगे। जैसे-जैसे न्याय यात्रा रायपुर की ओर बढ़ता भाजपा की सरकार में बैठे लोगों की धड़कन बढ़ने लगी। न्याय यात्रा अभी खत्म नही हुआ है यह तो अभी शुरुआत है, इस यात्रा को सिर्फ विराम दे रहे हैं। आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी और बड़ा करने वाली है। आने वाले समय में यात्रा एक-एक कोने से निकलेगी। न्याय यात्रा जनता की हक की लड़ाई और विश्वास के लिये है।

### भाजपा शासन में बिगड़ा...

है। भाजपा के शासन में समाजिक सौहार्द बिगड़ रहा है। कांग्रेस सरकार में बस्तर जैसे क्षेत्र में शांति स्थापित किये थे। बस्तर में शांति, एकता, एक दूसरे के प्रति मोह था पर भाजपा शासन में यह सब खत्म हो रहा है। कांग्रेस अभी प्रतिपक्ष में है सरकार अच्छा काम करेगी तो बढ़ाई करेंगे और गलत कार्य करेगी तो विरोध किया जायेगा।

### नौ महीने में विष्णु का...

अपमानित महसूस कर रहा है। छत्तीसगढ़ के लोग अपने आप को अपमानित और ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं, इसलिये यह छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा पदयात्रा निकाली गयी है।

### सहानुभूति पुनर्मूल्यांकन...

आधार पर प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम घोषित किए गए। पीएससी के प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम के आधार पर मुख्य परीक्षा के लिए चयनित नहीं हो पाए 40 परीक्षार्थियों ने पांच सवालों को लेकर पीएससी के निर्णय को गलत बताते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी।

### पांच आंसरों पर जताई थी...

में कड़ी मेहनत करते हैं, पर साथ ही हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि अधिकारी भी परीक्षा आयोजित करने के लिए उतनी ही मेहनत करते हैं। उसके साथ ही पीएससी 2023 की प्रारंभिक परीक्षा के नतीजों को चुनौती देने वाली 40 परीक्षार्थियों की याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज कर दी हैं।

---

### ईरान के पूर्व राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद का दावा

# मोसाद से लड़ाई के लिए ईरान ने बनाई थी यूनिट, चीफ ही निकला इजराइली जासूस!

एजेंसी ▶▶| तेहरान

इजरायल पर ईरान के हमले के बीच ईरानी मीडिया में पूर्व राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद का एक इंटरव्यू वायरल है। इंटरव्यू में वो इजराइली खुफिया एजेंसी मोसाद को लेकर जिस तरह के दावे करते दिख रहे हैं, उससे पता चलता है दुनिया में मोसाद की टक्कर का कोई नहीं. इंटरव्यू में अहमदीनेजाद दावा करते दिख रहे हैं कि ईरान ने मोसाद एजेंटों के खिलाफ लड़ने के लिए एक यूनिट बनाई थी लेकिन यूनिट का प्रमुख जिसे बनाया गया था, वो खुद एक मोसाद एजेंट निकला। मोसाद एजेंट ने ईरान की यूनिट में कई और एजेंट्स शामिल किए थे और कई बड़े ऑपरेशन को अंजाम दिया। और तो और ये मोसाद एजेंट्स अपना मकसद पूरा कर बिना ईरान को भनक लगे वहां से बाहर निकलने में भी कामयाब रहे थे। पूर्व ईरानी राष्ट्रपति का यह इंटरव्यू जून 2021 का है जो अब वायरल हो रहा है। उन्होंने यह इंटरव्यू उसी साल जून में होने वाले ईरानी राष्ट्रपति चुनाव से पहले दिया था।



राष्ट्रपति पद की रेस में अहमदीनेजाद भी शामिल थे लेकिन उन्हें उनके बयानों के कारण ही पद के लिए अयोग्य करार दिया गया था। अयोग्य करार दिए जाने के बाद उन्होंने सीएनएन तुर्क को दिए इंटरव्यू में मोसाद को लेकर खुलासे किए थे। इंटरव्यू के दौरान अहमदीनेजाद ने बताया कि यूनिट के प्रमुख के अलावा, 20 अन्य इजराइली मोसाद एजेंट उनके साथ काम कर रहे थे। इन मोसाद एजेंट्स ने ईरान के अंदर बड़े खुफिया ऑपरेशन चलाए।

#### मोसाद एजेंट्स ने की थी ईरान के कई परमाणु वैज्ञानिकों की हत्या

*अहमदीनेजाद के अनुसार, इन्हीं मोसाद एजेंटों ने ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम से संबंधित डॉक्यूमेंट्स चुराए और कई ईरानी परमाणु वैज्ञानिकों की हत्या की। उन्होंने यह भी दावा किया था कि पकड़े जाने से पहले सभी एजेंट ईरान से भागने में सफल रहे और अब वे इजरायल में रहते हैं।*

#### सालों से सत्ता से दूर हैं अहमदीनेजाद

*अहमदीनेजाद हाल के सालों में सत्ता से दूर रहे हैं हालांकि, उन्होंने कई बार ईरान के राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ने की कोशिश की है। लेकिन उन्हें बार-बार अयोग्य करार दिया गया है। इसी साल जब ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी एक विमान दुर्घटना में मारे गए थे, तब भी अहमदीनेजाद राष्ट्रपति पद की रेस में थे। हालांकि, मसूद पेजेश्कियान ईरान के नए राष्ट्रपति चुन लिए गए.*

## फ्रांस के विदेश मंत्री से पश्चिम एशिया के हालात पर चर्चा

*राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार डोभाल हैं पेरिस में*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने बुधवार को यहां फ्रांस के विदेश मंत्री जीन-नोएल बैरोट से मुलाकात की और यूरोप तथा पश्चिम एशिया में जारी युद्धों पर अपने विचार साझा किए। फ्रांस स्थित भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''फ्रांस के विदेश मंत्री जीन-नोएल बैरोट के साथ बैठक के बाद एनएसए अजीत डोभाल की यात्रा संपन्न हुई। यूरोप और पश्चिम एशिया में जारी युद्धों पर विचार साझा किए।' पिछले महीने रूस की



यात्रा के दौरान डोभाल ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की थी। डोभाल की रूस यात्रा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यूक्रेन की यात्रा के लगभग 15 दिन बाद हुई थी। डोभाल ने मंगलवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात की थी।

### भारत ने की है संयम की अपील

पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने पर पहली बार प्रतिक्रिया देते हुए भारत ने बुधवार को सभी पक्षों से संयम बरतने का आह्वान किया और कहा कि ऐसा न हो कि यह संघर्ष पूरे क्षेत्र को अपनी चपेट में ले ले। भारत ने यह टिप्पणी तब की है जब एक दिन पहले ईरान ने इजराइल द्वारा हिजबुल्ला प्रमुख हसन नसरल्ला तथा आतंकवादी समूह के अन्य कमांडरों की हत्या के जवाब में यहूदी देश पर करीब 200 मिसाइलें दागीं।

## पाकिस्तानी फिल्म 'द लीजेंड ऑफ मौला जट्ट' नहीं होगी भारत में रिलीज

एजेंसी ▶▶| कराची

पाकिस्तानी में अच्छी खासी कमाई करने वाली फवाद खान और माहिरा खान अभिनीत फिल्म 'द लीजेंड ऑफ मौला जट्ट' भारत के पंजाब राज्य में बुधवार को रिलीज नहीं होगी, जिसके संबंध में पहले ही घोषणा कर दी गई थी। फिल्म के वितरण धारक (डिस्ट्रीब्यूशन होल्डर) ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की। नदीम मांडवीवाला ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि भारत के एक मंत्रालय ने फिल्म की रिलीज के खिलाफ एक अदालत से स्थगन आदेश प्राप्त किया है, इसलिए अब इसकी रिलीज रोक दी



गई है। मांडवीवाला ने कहा, ''दुर्भाग्य से इसकी रिलीज एक बार फिर रुक गई है और जब तक अदालत अपना फैसला नहीं सुना देती, तब तक कोई कुछ नहीं कर सकता।' पाकिस्तान के शीर्ष वितरकों, प्रदर्शकों और सिनेमा मालिकों में से एक मांडवीवाला ने कहा कि जब भी भारत में फिल्म की रिलीज संभव होगी, तो यह पाकिस्तानी उद्योग के लिए एक बड़ा कदम होगा।

### प्रवासियों को ले जा रही दो नौकाएं लाल सागर में डूबीं, 45 की मौत

**जिबूती।** अफ्रीका से प्रवासियों को लेकर जा रही दो नौकाएं जिबूती तट के पास लाल सागर में डूब गईं, जिससे 45 लोगों की मौत हो गई। संयुक्त राष्ट्र प्रवासन एजेंसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन ने बताया कि ये नौकाएं 310 लोगों को लेकर यमन से रवाना हुईं थीं। खोज एवं बचाव प्रयासों में सहायता कर रही संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बताया कि 32 लोगों को बचा लिया गया है। वहीं, जिबूती के तट रक्षक ने बताया कि हादसा उत्तर-पश्चिमी खोर अंगार क्षेत्र के पास एक समुद्र तट से करीब 150 मीटर की दूरी पर हुआ। उसने बताया कि संयुक्त बचाव अभियान सोमवार सुबह से शुरू हुआ और अब भी जारी है।


**गुमशुदा**



सीपत निवासी नारसिंग उर्फ कोंदा उम्र 10 वर्ष थाना व तहसील सीपत जिला बिलासपुर ग्राम सीपत का निवासी है जो कि गत 24 सितंबर को बृहस्पति बाजार बिलासपुर राजेंद्र नगर धोबी मोहल्ला से गुम हो गया है जिस किसी सज्जन को दिखे या मिले इस पत्ते पर जानकारी दें पहुंचाने वाले को 10000 दस हजार रूपए नगद इनाम दिया जाएगा।
मो. 6267313457, 6232063838

**गुमशुदा**



**मेघा साहू**
(जन्म - 30/09/2005)
पिता- स्व. शिव कुमार साहू
माता- निर्मला साहू (रिंकी साहू)
ग्राम- केंद्री (अभनपुर, रायपुर, छ.ग.)

मैं निर्मला साहू (रिंकी साहू), मेरी बेटी कु.मेघा साहू 3 मार्च 2023 को दोपहर 3 बजे से घर में नहीं होना पाया। अचानक घर से कहीं चली गयी है। जिसकी सूचना अभनपुर थाना में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराया जा चुका। जिसका आज दिनांक 03/10/2024 तक कोई भी जानकारी नहीं मिला है। जिस किसी को भी यह लड़की मिलती है तो नीचे दिए नंबर में संपर्क करें। एक एकलौती माँ को उसके बिछडे बच्चे से मिला दो।
**संपर्क करें- अशोक साहू (चाचा)**
**81036 66042**
**चेतन साहू - बड़े पापा 9575654933**


## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष** — आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**धनु** — आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर** — क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

# चेरला में जीपीएस ट्रैकर और कैमरे से लैस मिला गिद्ध

*एमपी टाइगर रिजर्व का गिद्ध भटका, थकान से उतरा था छत्तीसगढ़ व तेलंगाना सीमा में*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ और तेलंगाना सीमा के इंद्रावती टायगर रिजर्व बीजापुर से सटे सर्वाधिक नक्सल प्रभावित क्षेत्र गांव चेरला में एक गिद्ध जीपीएस ट्रैकर और कैमरे से लैस मिला है। ग्रामीणों ने उसे खाना खिलाकर छोड़ दिया। बताया जा रहा है कि मध्यप्रदेश टाइगर रिजर्व के लगभग दो दर्जन गिद्धों की गतिविधि को वैज्ञानिक रूप से निगरानी करने के लिए लगभग दो वर्ष पूर्व जीपीएस से टैग किया गया। इसमें से 25 गिद्धों को टैग किया है, इनमें 13 भारतीय गिद्ध, आठ हिमालय के ग्रिफॉन गिद्ध, दो यूरेसियन ग्रिफॉन गिद्ध और दो किंग गिद्ध शामिल हैं। इसमें से एक गिद्ध भटक एवं थकान से चेरला गांव में उतरने की संभावना हो रही है। गिद्ध की जानकारी के लिए वन विभाग ने तेलंगाना एवं बीजापुर से टीम गठित कर भेजा गया है। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले और तेलंगाना राज्य की सीमा पर जीपीएस ट्रैकर और कैमरे से लैस एक गिद्ध थका-हारा बैठा हुआ ग्रामीणों को मिला। बताया जा रहा है कि थकान के कारण तेलंगाना के भद्राद्री-कोतागुडेम़ जिले के चेरला इलाके में यह गिद्ध उतरा था। चेरला इलाके में एकलव्य स्कूल के पास गिद्ध ग्रामीणों के घर के पास उतरा था। ग्रामीणों ने करीब जाकर देखा तो गिद्ध जीपीएस ट्रैकर और कैमरे से लैस था। ग्रामीणों ने थके हुए गिद्ध को मांस के टुकड़े और रोटी खिलाने के बाद छोड़ दिया। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त गिद्ध अब फिर से जीपीएस ट्रैकर और कैमरे से लैस आसमान पर उड़ान भर रहा है।



### टीम गठित कर स्थल में भेजा

इंद्रावती टायगर रिजर्व के सीसीएफ आरसी दुग्गा एवं रिजर्व बीजापुर के उप निदेशक संदीप बलगा ने बताया कि चेरला गांव में उतरा जीपीएस वाले गिद्ध की जानकारी होने की सूचना पर बीजापुर और तेलंगाना से टीम गठित कर भेजी गयी है।

### एमपी में गिद्धों की कैप्टिव ब्रीडिंग

एमपी के टायगर रिजर्व में गिद्धों के संरक्षण के लिए उचित वातावरण के कारण वन विभाग उत्साहित है। यह ऐसी प्रक्रिया होती है, जिसमें नियंत्रित वातावरण में जानवरों की प्रजनन प्रक्रिया संपन्न करायी जाती है। कैप्टिव ब्रीडिंग से जन्म लेने वाली नई पीढ़ी को उस स्थान पर छोड़ दिया जाता है, जहां इनके प्राकृतिक रहवास के साथ भोजन और दूसरी परिस्थितियां मुफीद होती हैं। वन विभाग ने कैप्टिव ब्रीडिंग के साथ-साथ गिद्धों के प्राकृतिक आवास में व्यवस्थाओं की तैयारी भी शुरू कर दी है।


**कार्यालय नगर पालिक निगम धमतरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)**
Website - www.nagarnigamdhamtari.com,
Email ID- commissionerdhamtari@gmail.com,
Phone Fax No. 07722-241599

**-: मैन्युअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना :-**


क्रमांक/कार्य.अभि./लोक कर्म/निविदा/2024/3085 धमतरी, दिनांक 01/10/2024

नगर पालिक निगम धमतरी द्वारा मरम्मत - संधारण एवं अन्य मदो के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में जोनल पद्धति से 04 विभिन्न कार्यो (जोनवार / वार्डवार सड़क, पुल-पुलिया, नाली, उद्यान, विभिन्न भवन आदि निर्माण/मरम्मत - संधारण, पाईप लाईन मरम्मत तथा प्रकाश व्यवस्था संधारण कार्य) के लिए एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत दर पर कार्य सम्पादन हेतु निविदा प्रपत्र "ए" में त्रि- लिफाफा पद्धति से मैनुअल निविदा स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 22.10.2024 तक आमंत्रित की जाती है।

प्रत्येक जोन के कार्यों का अनु. लागत 20.00 लाख रू. एवं अमानत राशि 20000.00 रू. निर्धारित है। निविदा की सामान्य शर्ते तथा अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में निगम कार्यालय के लोक कर्म शाखा से प्राप्त की जा सकती है, तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग नवा रायपुर छ.ग. के वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में अवलोकन एवं डाउनलोड भी की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम धमतरी**


## शब्द पहेली - 5651



**बाएँ से दाए**
1. मरघट, कब्रिस्तान-4
3. पागल, बुद्धिहीन-4
8. भगवान, ईश्वर, खुदा-7
10. डांटना, दुत्कार-3
11. तरुण, किशोर-3
13. ओट, घूँघट-3
15. तपस्या-2
17. पराया, अजनबी-2
18. आनंद, मौज-2
19. सूर्य, भास्कर-2
21. चिंतन, सोच विचार-3
25. वेणी, फूलों की माला जो बालों में लगाते हैं-3
26. वैद्य-3
27. आभास करना-4,3
30. शिव के इस मंदिर को महमूद गजनवी ने कई बार लूटा था-2,2
31. युद्धघोष, आक्रमण, हमला-4

**ऊपर से नीचे**
2. कवि, गजलकार-3
4. भारत का झंडा-3
5. ईश्वर, भगवान-4
6. गुरुवार-4
7. दुर्ज, पापी, भूत-3
8. शरण, आश्रय-3
9. चांदी-3
12. उत्तराधिकारी-3
13. उत्कृष्ट, प्रधान-3
14. आंचल-3
16. कमल-3
20. रुकना, अंत, ठहराव-3
22. उत्तमता, खूबी (उर्दू-4)
23. बर्दाश्त करना, निभाना-3
24. आय, कमाई-4
25. उष्ण-3
28. पराजित करना-3
29. उपपत्नी, दूसरी पत्नी-3

**शब्द पहेली- 5650 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रा | ऊ | ल | के | ला | | | क | स | क | |
| ह | र्जा | | श | | श | त्रु | ता | | न्या | य |
| गु | | | ही | र | क | | र | | | म |
| ज | ला | व | न | | | गं | | अ | नु | ज |
| र | | च | | बे | ल | गा | म | | की | |
| | शा | न | | क | | ज | | ब | ला | |
| | य | | श | रा | र | ल | | न्द | | त |
| म | द | द | | र | | | अ | र | मा | न |
| श | | स | | शा | य | र | | | | ब |
| क | म | | न | र | म | | मा | | मा | द |
| | जा | न | म | | | म | न | मो | ह | न |

## सूडोकु नवताल - 5662

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | 3 |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | 7 | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| 6 | | | 2 | | | 7 | | |

MANGA, SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5661 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |


MINISTRY OF CORPORATE AFFAIRS
GOVERNMENT OF INDIA
पीएम इंटर्नशिप
लर्न फ्रॉम द बेस्ट
5 सालों में 1 करोड़ युवाओं को टॉप 500 कंपनियों में एक साल की इंटर्नशिप मिलेगी
इंटर्नशिप के लिए सेक्टर्स अनेक हैं और मौके भी
₹5000 की मासिक इंटर्नशिप राशि के साथ मिलेगा ₹6000 का एकमुश्त अनुदान
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें - 1800 116 090 (टोल फ्री)
CBC 07101/13/0006/2425


कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
भारत सरकार
मौसम के जोखिमों से हमारे मेहनती किसान भाई–बहनों के हितों को सुरक्षित करने में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना काफी कारगर साबित हो रही है। इसका लाभ करोड़ों किसानों को मिल रहा है।
– नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
फसल की सुरक्षा का वरदान,
पॉलिसी हाथ में पाया किसान
फसल बीमा कराओ, सुरक्षा कवच पाओ
फसल बीमा पॉलिसी
प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की उपलब्धियाँ
• 19.67 करोड़ किसान भाई-बहनों को अब तक मिला फसल बीमा का लाभ
• ₹1.65 लाख करोड़ के दावों का भुगतान किसानों को किया
• 70 करोड़ से अधिक किसान आवेदन प्राप्त
देशव्यापी हेल्पलाइन 14447
कृषि रक्षक
मेरी पॉलिसी मेरे हाथ
महा अभियान
1 - 31 अक्टूबर, 2024
आपके गाँव में होने वाले शिविर में इन विषयों पर जानकारी प्राप्त करें:
• बीमा पॉलिसी, सरकारी नीतियाँ, भूमि अभिलेख एवं दावे और शिकायत निवारण
• किसानों के प्रशिक्षण हेतु फसल बीमा पाठशाला
व्हॉट्सऐप पर हमसे जुड़ें
प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना
बीमा भागीदार
योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
जनसेवा केंद्र | क्रॉप इंश्योरेंस ऐप https://play.google.com | पोस्ट ऑफिस | बैंक शाखा
@PMFBY
योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए QR कोड स्कैन करें

जूनियर विश्व चैंपियनशिप

# दिव्यांशी-मुकेश का गोल्डन डबल, भारत 14 पदक पार



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने पेरू के लीमा में चल रही आईएसएसएफ जूनियर विश्व निशानेबाजी चैंपियनशिप में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए प्रतियोगिता के चौथे दिन पांच स्वर्ण पदक जीते। दिव्यांशी और मुकेश नेलवल्ली के महिला और पुरुष वर्ग में 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते हैं। भारतीय निशानेबाजों ने अब तक 10 स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य पदक सहित कुल 14 पदक जीते हैं। अमेरिका (10) और इटली (08) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।

दिव्यांशी ने 35 का स्कोर बनाकर फाइनल में इटली की क्रिस्टीना मैग्नानी को दो अंकों से हराया। फ्रांस की हेलोइस फोरे तीसरे स्थान पर रहीं। दिव्यांशी ने तेजस्विनी और विभूति भाटिया के साथ मिलकर जूनियर महिला 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में भी सोने का तमगा हासिल किया। भारतीय टीम ने 1711 के स्कोर के साथ चेक गणराज्य और जर्मनी को पीछे छोड़ा।

### नेलवल्ली ने जीता तीसरा स्वर्ण

नेलवल्ली ने दो और स्वर्ण पदक जीतकर चैंपियनशिप में अब तक अपने स्वर्ण पदकों की संख्या तीन पर पहुंचा दी है। उन्होंने जूनियर पुरुष 25 मीटर पिस्टल में 585 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। इस भारतीय निशानेबाज ने हमवतन सूरज शर्मा को दो अंक से पीछे छोड़ा। इस तरह से सूरज ने प्रतियोगिता में भारत के लिए पहला रजत पदक जीता। नेलवल्ली, सूरज और प्रद्युम्न सिंह (561) ने टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इन तीनों भारतीय निशानेबाजों ने कुल मिलाकर 1726 अंक बनाए तथा पोलैंड को तीन अंक से पीछे छोड़ा।

### शौर्य, वेदांत और परीक्षित रहे शीर्ष पर

भारत ने चौथे दिन पांचवां स्वर्ण पदक पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन (3पी) की टीम स्पर्धा में जीता। भारत के शौर्य सैनी, वेदांत नितिन वाघमारे और परीक्षित सिंह बराड़ ने 1753 अंक बनाकर जूनियर विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की और स्वर्ण पदक हासिल किया। नॉर्वे दूसरे और स्वीडन तीसरे स्थान पर रहा।

## टी20 विश्व कप का आगाज आज

दुबई। भारत, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका जैसी टीमें गुरुवार से शुरू होने वाले महिला टी20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया का पिछले लंबे समय से चला आ रहा वर्चस्व खत्म करने की कोशिश करेंगी। टूर्नामेंट की शुरुआत गुरुवार को शारजाह में होने वाले दो मैचों से होगी। इनमें पहला मैच बांग्लादेश और स्कॉटलैंड तथा दूसरा मैच पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच खेला जाएगा।

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
सुखौना टेबलेट
20 वर्षों से प्रसिद्ध 94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

टेस्ट रैंकिंग : कोहली की शीर्ष 10 में वापसी

# बुमराह ने अश्विन से छीनी बादशाहत सिर्फ 11 मैचों में नंबर-3 बने यशस्वी

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह बांग्लादेश के खिलाफ कानपुर में खेले गए दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में छह विकेट लेने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में फिर से शीर्ष पर पहुंच गए हैं। इस 30 वर्षीय तेज गेंदबाज ने भारतीय टीम के अपने साथी रविचंद्रन अश्विन की जगह पहला स्थान हासिल किया है। अश्विन को बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। स्पिनर रविंद्र जड़ेजा अपने छठे स्थान पर बने हुए हैं। बल्लेबाजी रैंकिंग में कानपुर टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए यशस्वी जायसवाल सिर्फ 11 टेस्ट के बाद कॅरियर के सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। जायसवाल ने कानपुर टेस्ट में 72 और 51 रन की शानदार पारियां खेल कर भारत को बारिश से प्रभावित मैच में सात विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।जायसवाल के 792 रेटिंग अंक हैं और यह 22 वर्षीय खिलाड़ी जो रूट (899) और केन विलियमसन (829) के बाद तीसरे नंबर पर है।



### कोहली की लंबी छलांग

अनुभवी भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने शीर्ष 10 में वापसी की है। कानपुर टेस्ट में 47 और 29 रन की पारी खेलने वाले कोहली छह स्थान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। ऋषभ पंत भी शीर्ष 10 में बने हुए हैं लेकिन वह तीन स्थान नीचे नौवें स्थान पर खिसक गए हैं। कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल क्रमशः 15वें और 16वें स्थान पर हैं।

### जडेजा शीर्ष आलराउंडर

*जहां तक ऑलराउंडरों की बात है तो रैंकिंग में कोई खास बदलाव नहीं हुआ है। जडेजा पहले की तरह शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं जबकि अश्विन दूसरे और अक्षर पटेल सातवें स्थान पर हैं।*

**शीर्ष टीमें**

| रैंक | देश | अंक |
|---|---|---|
| 1 | ऑस्ट्रेलिया | 124 |
| 2 | भारत | 120 |
| 3 | इंग्लैंड | 108 |
| 4 | द.अफ्रीका | 104 |
| 5 | न्यूजीलैंड | 96 |

**शीर्ष गेंदबाज**

| रैंक | खिलाड़ी | देश | अंक |
|---|---|---|---|
| 1 | जसप्रीत बुमराह | भारत | 870 |
| 2 | रविचंद्रन अश्विन | भारत | 869 |
| 3 | जोश हेजलवुड | ऑस्ट्रेलिया | 847 |
| 4 | पैट कमिंस | ऑस्ट्रेलिया | 820 |
| 5 | कगिसो रबाडा | अफ्रीका | 820 |
| 6 | रविंद्र जडेजा | भारत | 809 |



## भारत ने आस्ट्रेलिया को हराया, इनान ने चटकाए छह विकेट

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

निखिल कुमार के नाबाद अर्धशतक की मदद से भारत अंडर 19 टीम ने पहले अनधिकृत टेस्ट के तीसरे दिन आस्ट्रेलिया अंडर 19 टीम को दो विकेट से हराया। सातवें नंबर पर उतरे कुमार ने 71 गेंद में नाबाद 55 रन बनाए जिसकी मदद से भारत ने आखिरी घंटे में जीत दर्ज की। इससे पहले लेग स्पिनर मोहम्मद इनान ने 79 रन देकर छह विकेट चटकाए जिससे आस्ट्रेलिया अपनी दूसरी पारी में 214 रन ही बना सका। आस्ट्रेलिया ने चार विकेट पर 110 रन से आगे खेलना शुरू किया था। जीत के लिए 212 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत को पहला झटका जल्दी ही लगा जब पहली पारी में शतक जमाने वाले वैभव सूर्यवंशी दूसरे ओवर में एक रन बनाकर आउट हो गए।

# साउदी ने छोड़ी न्यूजीलैंड की कप्तानी

एजेंसी ▶▶| धर्मशाला

ऑकलैंड। टिम साउदी ने भारत के खिलाफ इस महीने होने वाली 16 अक्टूबर से तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले न्यूजीलैंड की कप्तानी छोड़ दी है। इस अनुभवी तेज गेंदबाज की जगह शीर्ष क्रम के बल्लेबाज टॉम लैथम को कप्तान नियुक्त किया गया है। साउदी ने 14 टेस्ट मैचों में न्यूजीलैंड की कप्तानी की, जिसमें कीवी टीम ने छह जीते, छह हारे और दो मैच ड्रॉ खेले।

साउदी ने न्यूजीलैंड क्रिकेट के बयान में कहा, 'मैंने अपने पूरे करियर में हमेशा टीम को प्राथमिकता दी और मुझे लगता है कि मेरा यह फैसला टीम के हित में है। मेरा मानना है कि अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करके, अपना



सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके, विकेट लेना जारी रखकर और न्यूजीलैंड की जीत में योगदान देकर मैं टीम के लिए सबसे अच्छी सेवा कर सकता हूं।'इस 35 वर्षीय तेज गेंदबाज ने अब तक 102 टेस्ट, 161 वनडे और 126 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 382 विकेट लिए हैं और न्यूजीलैंड की तरफ से सर्वाधिक विकेट हासिल करने वाले गेंदबाजों में महान रिचर्ड हैडली (431) के बाद दूसरे स्थान पर हैं।

## वनडे और टी20 की कप्तानी से हटे बाबर

कराची। बाबर आजम ने पाकिस्तान की सीमित ओवरों की टीम की कप्तानी भी छोड़ दी है और उनके स्थान पर मोहम्मद रिजवान को यह पद सौंपे जाने की संभावना है। बाबर ने बुधवार आधी रात के आसपास एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर बयान जारी कर घोषणा की कि उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और टीम प्रबंधन को पिछले महीने ही अपनी इच्छा से अवगत करा दिया था। बाबर ने हालांकि यह नहीं बताया कि उन्होंने बोर्ड और टीम प्रबंधन को अपने पद छोड़ने के फैसले के बारे में कब सूचित किया था।



epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking : Raipur- 79871-19756 6263818152

Appointment आवश्यकता

घरेलू कार्य
आवश्यकता है- उच्चन्यायालय अधिवक्ता के घरेलू कार्य करने के लिए (सीनियर के देख-रेख) पूर्ण कालिक सेवा हेतु पारिवारिक जिम्मेंदारीयों से मुक्त महिला कर्मी 40 वर्ष से ऊपर सेविका चाहिए वेतन सहमति से तय रहना खाना आदि फ्री शीघ्र संपर्क करें- कलिंगा युनिवर्सिटी के पास मो. नं. - 9407996695, 9754148966 (RO-5956)

ड्रायवर/हेल्पर
आवश्यकता है- पानी प्लांट में काम करने हेतु माल वाहक ई रिक्शा (लोडर) एवं ड्राइवर, हेल्पर, मजदूरों की आवश्यकता है। मोबाइल नंबर- 9755160460, 9329345651. (RO-5960)

चौकीदार
आवश्यकता है- बहानाकाडी मंदिर हसौद पोल फैक्ट्री में चौकीदार कि आवश्यकता हैं, जो फैक्ट्री में रहकर कार्य कर सके मों.- 88271-50000.(RO-5957)

फील्ड वर्क
आवश्यकता है- फील्ड वर्क के लिए (साउंड सिस्टम, वीडियो स्क्रीन) टेक्नीशियन 12वीं पास ITI पास फ्रेशर या अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है। रहने की व्यवस्था दी जायेगी सैलरी पांच अंको में। संपर्क:- यश. एल. ई. डी. टेक्नोलॉजी प्र.ली. कचना रायपुर,फोन.नं. 7773009704.(RO-5958)

सेल्समैन/सेल्सगर्ल
आवश्यकता है- साड़ी दुकान एवं रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के- लड़कियां एवं सेल्समैन- सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल नंबर:- 9329103178.(RO-3027)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

सुरक्षागार्ड
आवश्यकता है- बंगलो मे कार्य करने हेतु सुरक्षा गार्ड कम नौकर (पुरुष) की तत्काल आवश्यकता हैं अनुभव- 5 से 10वर्ष उम्र 25 से 35 वर्ष वेतन योग्यतानुसार कृपया अनुभवी ही संपर्क करें:- 9229170008.(RO-3025)

टायपिस्ट
आवश्यकता है- दुर्ग में ऑफिस कार्य के लिए हिन्दी टायपिस्ट की आवश्यकता है। सम्पर्क नं.- 91319-35984, 70243-06001. (आरो न.-595)

टेलीकॉलर
आवश्यकता है- टेलीकालिंग हेतु 18 से 28 वर्ष के अविवाहित लड़कों की आवश्यकता है वेतन 10,000 + कमीशन + बोनस आवास फ्री। पोस्टिंग छत्तीसगढ़ से बाहर। ज्वाइनिंग हेतु कोई फीस नहीं संपर्क - 9685471225, 6266578863.(RO-14112)

देखरेख कार्य
आवश्यकता है- नगपुरा के पास स्थित भालूकोन्हा बाड़ी में देखरेख हेतु परिवार की आवश्यकता तथा फैमिली वाला चाहिए रहने की सुविधा उपलब्ध है संपर्क:-94255-14500, 97541-44001.(आरो न.-594)

फिटर/हेल्पर
आवश्यकता है- रायगढ़, भिलाई, रायपुर, बलौदा बाजार, कोरबा, चांपा पावर प्लांट इंजीनियर सिविल, पॉलिटेकनिक कोपा, कम्प्यूटर ऑपरेटर, ऑफिस कार्य इलेक्ट्रीशियन, सुपरवाइजर, वेल्डर कटर फिटर गार्ड चपरासी, ड्राइवर, स्टोर कीपर, ऑफिसर, (रहना खाना+ मेडिकल फ्री) सम्पर्क- बिलासपुर 8962527013.(RO-35460)

सेल्स एक्जीक्यूटिव
आवश्यकता है- टाटा स्टील ब्रांड से संबंधित चैनल पार्टनर को रायपुर में Area Sales Officer 03 Post की आवश्यकता है कृपया इच्छुक बायोडाटा भेजे- s.sales2011@gmail.com (RO-35545)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

ड्रायवर
आवश्यकता है- ऑटोमेटिक कार (बीएमडबल्यू, ऑडी, मर्सिडीज ) चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। ड्राइवर का शादीशुदा होना व 35 साल से अधिक उम्र का होना अनिवार्य है। इयूटी टाईम प्रतिदिन सुबह 9 से रात 8:30, रविवार ड्यूटी टाईम सुबह 9 से दोपहर 3:00 (सूचना:- जेसीबी, हाइड्रा, आदि जैसी गाड़ी चलाने वाले संपर्क ना करें )। इंटरव्यू के लिए आते वक्त अपना आधार कार्ड, बिजली बिल व ड्राइविंग लाइसेंस अवश्य लाये। सैलरी 19000/- प्रतिमाह। पता- सिविल लाईन्स, रायपुर, कॉल करने का समय दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक:- 9340730994.(RO-19)

आवश्यकता है- हर्ष मीडिया को छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों में V- 30 Intra- LED वेन चलाने ड्राइवर की आवश्यकता है। अनुभवी ड्राइवर लाइसेंस, आधार कार्ड व अन्य विवरण सहित संपर्क करें- 8225022889, 9827806026.(आरो न.-6386)

डिजाईनर
आवश्यकता है- कोरल ड्रा, फोटोशॉप के जानकार डिजाईनर स्टाफ की आवश्यकता हैं। वेतन योग्यतानुसार, संपर्क- सत्या फ्लैक्स, चरोदा, भिलाई, मो. नं. 9098701502, 9329665817, 626708559. (RO-6957)

मिस्त्री
आवश्यकता है- ट्रेक्टर ट्रॉली के निर्माण हेतु अनुभवी मिस्त्री (ठेके पर) आवश्यकता है संपर्क करे सोना ट्रॉली इन्डस्ट्रीज शिवनाथ हुंडई शोरूम के बाजु टाटीबंध रायपुर 9425501221, 8085768170 (RO-3022)

सेल्स ऑफिसर
आवश्यकता है- ब्रांडेड प्रोडक्ट बेचने हेतु सेल्स अधिकारी की आवश्यकता है वेतन 30000+ भत्ता कार्य हेतु दुपहिया वाहन नवरात्रि 03 अक्टूबर से कार्य शुरु करने के इच्छुक ही सम्पर्क करें- 8109100493. (RO-bsp)

अन्य
आवश्यकता है- भारत की नंबर-1 RELIANCE JIO 5G कंपनी (SMS JOB) करके लड़के- लड़कियां, गृहणियां, रिटायर्ड पर्सन, घर बैठे कमाए (21500- 48500) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त) NAME, ADDRESS QUALIFICATION, WhatsApp /Call करें:- 8101180949, 6297110215. (RO-3029)

आवश्यकता है- Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त) NAME, पता QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP करें:- 9102935834. (RO-2975)

आवश्यकता है- पेंसिल, पेन, रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है, संपर्क करें- 7326057709, 9040788128.(RO-3746)

आवश्यकता है- जिलानुसार वनविभाग को कम्पनी द्वारा 1150/- लड़के लड़कियों की योग्यता (8वी - ग्रेजुएट), सैलरी (32500- 64500) रहना +खाना फ्री पद वनरक्षक , फील्डऑफिसर , ड्राइवर, गनमैन इच्छुक व्यक्ति / रिटायर्डफौजी अपना फोटो , आधारकार्ड , मार्कशीट , व्हाट्सएप करें-7522049027.(RO-483)

आवश्यकता है- (नवरात्रि स्पेशल ऑफर) आवश्यकता है जरूरतमंद लोग की आयुवेदिक कंपनी में दवा पैक करने के लिए संपर्क करें शिक्षित/बेरोजगार जरूरतमंद लड़कें-लड़कियाँ हाउसवाइफ घरबैठे दवाई पैकिंग करके पार्टटाइम/फुलटाइम 30,500/- से 35,500/- महीना कमाएं ( जरुरतमंद लोग WHATSAPP या कॉल करें) NOC - 2150/- +91 62673 24667. (RO-1332)

आवश्यकता है- Airport डायरेक्ट भर्ती अनपढ़, 8वीं, 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट (लड़के- लड़कियां) एयरहोस्टेस, सुपरवाईजर, ग्राउंडस्टाफ, क्लर्क, चेकर, लोडर, गार्ड, ड्राईवर, हेल्पर 31500- 82500 मेडिकल इंश्योरेंस, फंड, बोनस, (रहना +खाना +मेडिकल फ्री) रायपुर संपर्क:- 9205219535.(RO-3011)

Business व्यापार
व्यापार- अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट संपर्क:- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़, अंबिकापुर 7869755871. (RO-2998)

Property प्रापर्टी
जमीन
जमीन बेचना है- ग्राम हनोदा जिला दुर्ग में हनोदा कोडिया रोड पर 1.24 एकड़ जमीन बेचना है। संपर्ककरें- 70248-86996. (आरो.-SP/896)

प्लाट
प्लॉट बेचना है - बेस्ट इन्वेस्टमेंट प्लाट ही प्लाट दुर्ग के प्राइम लोकेशन पुलगांव लक्ष्मी मार्केट से मात्र 6km दूरी पर 421रु.fit में रजिस्ट्री फ्री ,चंदखुरी हनोदा मार्ग से लगा 40fit रोड में लगा हुआ प्लाट 550रु.fit में डायवर्सन फ्री तुरंत मकान बनाकर रहने लायक जल्द कीजिए प्लाट सीमित संपर्क:- 9770047215, 6260058087. (आरो न.-1803)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

For Rent किराया
किराए से देना है- सुंदर नगर महादेव घाट मेन रोड पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सामने प्रथम एवं द्वितीय तल पर 400 - 400 वर्गफुट की कमर्शियल स्पेस किराए से देना है कोचिंग इंस्टिट्यूट, फाइनेंस वाले, गोल्ड लोन वाले हेतु उपयुक्त संपर्क करे 9425501595 (RO-3023)

Education शिक्षण
मेडिकल प्रवेश- 10वीं, 12वीं पास विद्यार्थियों के लिए 2वर्षीय मेडिकल कोर्स शासन से मान्यता प्राप्त DIPLOMA IN CMS & ED- 2 वर्षीय, C.C.H. CERTIFICATE IN COMMUNITY HEALTH एलोपैथीक। चिकित्सा प्रमाण पत्र में प्रवेश प्रारंभ सीट- 25 (प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र खोलने के लिए मान्य ) संपर्क करें:- संजीवनी कॉलेज ओमपरिसर, आर्यनगर दुर्ग ( छ.ग.) 0788-4060006, 9893579048.(आरो न.-6387)

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152


छत्तीसगढ़ शासन
शक्ति के वंदन का माह
महतारी वंदन की राह
₹1000
खुशियों के नोटिफिकेशन का 8वां माह
महिलाओं को समर्पित होगा
हर पंचायत में बनने वाला
महतारी सदन
मुख्यमंत्री विष्णु देव साय
से जुड़ने के लिए
QR CODE स्कैन करें
श्री विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
विष्णु के सुशासन से सँवर रहा छत्तीसगढ़
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

## पात्र शेयर ब्रोकरों को एक फरवरी से अनुमति देनी होगी

# आईपीओ की तरह निवेशकों को कारोबार के लिए मिलेगी खाते में ही राशि रोकने यूपीआई सुविधा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

पात्र शेयर ब्रोकरों को एक फरवरी से अपने ग्राहकों को शेयर की खरीद-बिक्री को लेकर यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) आधारित 'ब्लॉक' व्यवस्था के उपयोग की अनुमति देनी होगी या फिर वे एक कारोबारी खाते में तीन सुविधाओं की पेशकश करेंगे। इस कदम से निवेशकों की स्थिति मजबूत और सशक्त होगी।

पात्र शेयर ब्रोकर (क्यूएसबी) को कारोबार के मौजूदा तरीके के अलावा, इन दो विकल्पों में से एक की पेशकश करनी होगी। एक कारोबारी खाते में तीन सुविधाओं के तहत बचत खाते, डीमैट खाते और कारोबारी खाते को जोड़ा जाता है। इस मामले में, ग्राहकों के बैंक खाते में उनकी धनराशि होगी और शेष राशि पर ब्याज मिलेगा।

### कारोबारी को पहले से पैसा देने की जरूरत नहीं होगी

*यूपीआई आधारित ब्लॉक व्यवस्था एसबीए (एप्लीकेशन सपोर्टेड बाई ब्लॉक्ड एमाउंट) जैसी होगी। यूपीआई ब्लॉक व्यवस्था में, कारोबारियों को ब्रोकर को पहले से पैसा देने की जरूरत नहीं होगी। वे अपने बैंक खातों में अवरुद्ध धनराशि के आधार पर द्वितीयक बाजार में कारोबार कर सकते हैं।*

- एक कारोबारी खाते में तीन सुविधाओं की पेशकश करेंगे
- इस कदम से निवेशकों की स्थिति मजबूत होगी




*ब्लाक व्यवस्था वैकल्पिक है : शेयरों की खरीद-बिक्री के लिए 'ब्लॉक' व्यवस्था के माध्यम से प्रायोगिक तौर पर यानी बीटा संस्करण एक जनवरी, 2024 को व्यक्तियों और हिंदू अविभाजित परिवार (एचयूएफ) के लिए शुरू किया गया था और इसे केवल नकद खंड पर लागू किया गया था।*

### कोष प्रबंधन में सुधार होगा

जैन ने कहा कि इसके अतिरिक्त, इस कदम से कोष प्रबंधन में सुधार होगा और निवेशकों के लिए सुविधा बढ़ेगी। इससे उन्हें कारोबार के लिए कोष को खाते में 'ब्लॉक' कर भुगतान की अनुमति देने की सुविधा मिलेगी जो उनकी राशि को दुरुपयोग से बचाएगा।

*एक कारोबारी खाते में तीन सुविधाओं की पेशकश : सेबी के निदेशक मंडल ने सोमवार को इस प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इसके तहत पात्र शेयर ब्रोकरों को अगले साल एक फरवरी से या तो अपने ग्राहकों को द्वितीयक बाजार (नकद खंड) में यूपीआई आधारित 'ब्लॉक' व्यवस्था के उपयोग की अनुमति देनी होगी या फिर वे एक कारोबारी खाते में तीन सुविधाओं की पेशकश करेंगे।*

# एसबीआई चालू वित्त वर्ष में 600 नई शाखाएं खोलेगा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र का भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) चालू वित्त वर्ष (2024-25) में 600 नई शाखाएं खोलने की तैयारी कर रहा है। बैंक के चेयरमैन सी एस शेट्टी ने कहा है कि एसबीआई आवासीय टाउनशिप सहित उभरते क्षेत्रों में कारोबार के अवसरों का लाभ उठाने के लिए देशभर में 600 नई शाखाएं खोलेगा। शेट्टी ने बातचीत में कहा, "हमारे पास शाखा विस्तार की मजबूत योजनाएं हैं...यह मुख्य रूप से उभरते क्षेत्रों पर केंद्रित होगी। बहुत सी आवासीय कॉलोनियां हमारे दायरे में नहीं हैं। चालू वित्त वर्ष में हम लगभग 600 शाखाएं खोलने की योजना बना रहे हैं। एसबीआई ने पिछले वित्त वर्ष (2023-24) में 137 नई शाखाएं खोली थीं। इनमें से 59 शाखाएं ग्रामीण क्षेत्र में थीं। एसबीआई की देशभर में मार्च, 2024 तक 22,542 शाखाएं थीं। एसबीआई के देशभर में 65,000 एटीएम और 85,000 बैंकिंग प्रतिनिधि भी हैं।

### बैंक 50 करोड़ ग्राहकों को सेवा प्रदान करता है

चेयरमैन ने कहा, "हम लगभग 50 करोड़ ग्राहकों को सेवा प्रदान करते हैं और हमें यह कहते हुए गर्व होता है कि हम प्रत्येक भारतीय, और उससे भी महत्वपूर्ण बात, प्रत्येक भारतीय परिवार के बैंकर हैं। जमाकर्ताओं को आकर्षित करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक आवर्ती जमा और एसआईपी के संयुक्त उत्पाद सहित नवीन उत्पाद लाने पर विचार कर रहा है।

## दो हजार रुपए के 98 फीसदी नोट बैंकों में वापस आए

मुंबई। आरबीआई ने कहा कि 2,000 रुपये के 98 प्रतिशत नोट बैंकों में वापस आ गये हैं। चलन से हटाये गये केवल 7,117 करोड़ रुपये मूल्य के नोट अब लोगों के पास हैं। आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2,000 रुपये मूल्य के बैंक नोट को चलन से हटाने की घोषणा की थी। 2,000 रुपये के बैंक नोट का कुल मूल्य 3.56 लाख करोड़ रुपये था।

**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सूचना सं.: WAT-TRS-OT-17-2024-25, दिनांक: 25.09.2024

**कार्य का नाम:** आरडीएसओ विनिर्देश संख्या एआर एम-916-51 के अनुरूप छानी हुई सूखी सिलिका रेत की 10 किग्रा. जलरोधी बैगों में आपूर्ति तथा ईएलएस/विशाखापत्तनम में तीन वर्षों की अवधि के लिए चौबीसों घंटे इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव सैंडर्स में भरना।

**निविदा मूल्य:** ₹72,03,914.64

ईएमडी: ₹1,44,100/-

पूर्णता अवधि: 3 (तीन) वर्ष

**निविदा खुलने की तिथि एवं समय:** 18.10.2024 को 1500 बजे

निविदा दस्तावेज पूर्ण विवरण www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरएस) विशाखापत्तनम

PR-572/P/24-25

# 'मेड इन इंडिया' लेबल योजना पर विचार कर रही है सरकार

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली




सरकार वैश्विक बाजारों में ब्रांड इंडिया को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'मेड इन इंडिया' लेबल के लिए एक योजना तैयार करने के प्रस्ताव पर चर्चा कर रही है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी है।

अधिकारी ने कहा कि एक उच्चस्तरीय समिति योजना के विवरण की जांच कर रही है। इसका उद्देश्य भारत के लिए एक मजबूत ब्रांड पहचान बनाना है, जिस तरह 'मेड इन जापान' या 'मेड इन स्विट्जरलैंड' विशिष्ट छवियों और गुणों के बारे में बताते हैं। अधिकारी ने कहा, ''हम भारत के लिए भी यही चाहते हैं।'' उदाहरण के लिए, /"जब हम स्विट्जरलैंड के बारे में सोचते हैं, तो हम अक्सर उनकी घड़ियों, चॉकलेट और बैंकिंग प्रणालियों के बारे में सोचते हैं। अधिकारी ने कहा, ''हम इस बात पर चर्चा करते हैं कि ऐसा किस तरह कर सकते हैं। क्या हम इस योजना को कपड़ा जैसे विशिष्ट क्षेत्रों के लिए बनाते हैं, जहां हमारी ताकत है। इसलिए हम ऐसी चीजों पर विचार कर रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, ब्रांड इंडिया को बढ़ावा देने के लिए गुणवत्ता महत्वपूर्ण है।

सरकार के पास वर्तमान में भारत ब्रांड इक्विटी फाउंडेशन (आईबीईएफ) है, जो विदेशी बाजारों में 'मेड इन इंडिया' लेबल के बारे में अंतरराष्ट्रीय जागरूकता को बढ़ावा देने और बनाने तथा भारतीय उत्पादों और सेवाओं के बारे में ज्ञान के प्रसार को सुगम बनाने के लिए है। यह वाणिज्य विभाग द्वारा स्थापित एक ट्रस्ट है।

- सरकार का वैश्विक बाजारों में ब्रांड को बढ़ावा देना है
- एक उच्चस्तरीय समिति योजना के विवरण की जांच कर रही

### उत्पाद की गुणवत्ता सुधारने कार्रवाई जरूरी

शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने सुझाव दिया है कि भारत की ब्रांडिंग रणनीति को तीन स्तंभों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए - उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को ब्रांड करना; सर्वोत्तम उत्पादों से कम कीमत पर उत्पाद की गुणवत्ता में सुधार करना, केवल ब्रांडिंग पर ध्यान केंद्रित न करना; और उत्पाद की गुणवत्ता में सुधार के लिए कार्रवाई करना।''

### जेनेरिक दवा उद्योग ने वैश्विक भरोसा हासिल किया

भारत अपनी ब्रांडिंग को स्वाभाविक रूप से बेहतर बनाने के लिए कई कदम उठा सकता है। लगातार उत्पाद की गुणवत्ता और विश्वसनीयता को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, भारतीय दवा उद्योग ने उच्च गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाओं के उत्पादन के माध्यम से वैश्विक भरोसा हासिल किया है।

**e- Procurement Cell**
**Office of The Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Ramgarh.**

अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट नोटिस

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं०–BCD/EE/RAMGARH/ 22 /2024-25 दिनांकः–30.09.2024

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Const. of Environment Awareness Centre, Ramgarh | 3,51,49,900/- | 11 (Eleven) Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 08.10.2024 | |
| ii | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | 16-10-2024 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| iii | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 17-10-2024 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| iv | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | e-Procurement Cell Office of The Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Ramgarh. | |
| v | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9110983022 | |
| vi | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9340378587 | |

- किसी भी प्रकार का बदलाव http:// Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http:// Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

*note: UCAN Registration is mandatory for the bidders.*

Nodal Officer
e- Procurement Cell Office of The Executive Engineer,
Building Construction Department, Building Division, Ramgarh.

PR.NO.337720 Building(24-25):D

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर/एस.ई.सी. रेलवे, नागपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए नीचे उल्लिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित कर रहे है।

**कार्य का नाम:** नागपुर डिवीजन के दुर्ग-नागपुर डिवीजन में टीआरआर (पी)-4.168 टीकेएम (पुलपर) और 10.680 टीकेएम (एमएल) और गोंदिया जंक्शन और बालाघाट जंक्शन के दौरान - टीआरआर (पी) 11.60 टीकेएम (एसएल) आदि एस एंड टी कार्यों का समापन। **ई-निविदा सूचना:** एसटी-टीआरआर-पी-दुर्ग-एन-जी-बीटीसी24, दिनांक: 30.09.2024 **निविदा मूल्य**: रु. 68,50,857.00/-. **सुरक्षा जमा:** रु. 1,37,000.00/- कार्य **पूर्ण होने की अवधि:** 12 (बारह) माह **निविदा जमा करना:** बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियां 23.10.2024 को 15.00 बजे तक ही जमा कर सकते हैं। विवरण हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध हैं

कनिष्ठ लिपिक/निविदा
(राहुल द्विवेदी)
एसटीई-आय/एनजीपी

AAA/16/120

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**R.C.D. , ROAD DIVISION, SAHIBGANJ**

e- Procurement Notice (Very Short Tender)
e-Tender Reference no.- RCD/SAHIBGANJ/720/2024-25 Dated : 01.10.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | IRQP/Strengthening work of Maharajpur (on NH-80) to Sharmapur (on NH-80) via Taljhari-Kalyanchak-Padaria More-Tinpahar-Bakudih Road (Total Length-37.255 Km) under Road Division, Sahibganj for the year 2024-25 |
| 2 (a) | Estimated Cost (Rs) | Rs. 21,38,80,400.00 (Rupees Twenty One Crore Thirty Eight Lakh Eighty Thousand Four Hundred and Zero Paise) Only. |
| (b) | Bid Security (Rs) | 21,39,000.00 (Rupees Twenty One Lakh and Thirty Nine Thousand) Only. |
| 3 | Time of Completion | 06 (Six) Months |
| 4 | Last date / Time for receipt of bids | 16.10.2024 upto 12.00 Noon |
| 5 | Pre-Bid Meeting | 09.10.2024 from 03.00 P.M. |
| 6 | Date of Publication of Tender on website | 07.10.2024 from 10.30 A.M. |
| 7 | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, R.C.D. Road Division, Sahibganj |
| 8 | Contact no. of Procurement officer | 8271102250 |
| 9 | Helpline number of e- Procurement cell | 0651 - 2401010 |

Further details can be seen on website
http://jharkhandtenders.gov.in
Note : Estimated Cost may increase or decrease

EXECUTIVE ENGINEER
ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT
ROAD DIVISION, SAHIBGANJ

PR 337750 (Road)24-25*D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, दुमका**
(rdsddumka1@gmail.com)

**अतिअल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सूचना संख्या– RDSD/DMK/MMGSY/26/2024-25/RE

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | दुमका जिला के प्रखंड सरैयाहाट अन्तर्गत जयनगरा वेलदाहा घाट पर पुल निर्माण। | 5,52,91,500 | 11,06,000 | 10,000.00 | 24 माह |

1. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 08.10.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 08.10.2024 से दिनांक 18.10.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जबावदेही आपकी होगी।
5. निविदा खोलने का स्थान :– e-Procurement Cell, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेश प्रमंडल दुमका।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 21.10.2024 अपराह्न 2:00 बजे
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,दुमका।
8. ई–निविदा प्रकोश्ठ का दुरभाष संख्या :– 7091279444
9. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, दुमका

PR 337844 Rural Work Department (24-25)_D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार।**

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/11/2024-25/(2ND CALL)

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बरवाडीह के पोखरी खुर्द छेछानी में औरंगा नदी पर पुल निर्माण कार्य। | 8,51,52,700 | 17,03,100 | 10,000 | 24 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 04.10.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 04.10.2024 से दिनांक 14.10.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –16.10.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
लातेहार।

PR 337892 Rural Development(24-25)D

## बिजनेस साइट

# पतंजलि ने गुवाहाटी में शुरू किया एकीकृत समग्र स्वास्थ्य सेवाएं



गुवाहाटी। पतंजलि वेलनेस सेंटर का उद्घाटन समाज सुधारक और प्राइड ईस्ट एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की सीएमडी रिनिकी भुयान सरमा ने योग ऋषि स्वामी रामदेव की उपस्थिति में किया। यह केंद्र पूर्वोत्तर भारत में पहली बार एकीकृत समग्र स्वास्थ्य सेवा प्रदान करेगा। स्वामी रामदेव ने केंद्र की सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी, जिसमें योग, आयुर्वेद, पंचकर्म, एक्यूप्रेशर और प्राकृतिक चिकित्सा जैसी विधियां शामिल हैं। उनका उद्देश्य स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण प्रदान करना है। स्वामी रामदेव ने बताया कि पतंजलि वेलनेस सेंटर न केवल स्वास्थ्य को बढ़ावा देगा, बल्कि स्थानीय समुदाय में रोजगार के अवसर भी सृजित करेगा।

# एटी की डायमंड ज्वेलरी को मिला बेस्ट डायमंड ज्वेलरी डिजाइन का पुरस्कार




रायपुर। रिटेल ज्वेलर्स गिल्ड द्वारा आयोजित 2024 के पुरस्कार समारोह में ए.टी. की डायमंड ज्वेलरी को 'एक्सलेंस इन डिफाइन -डायमंड ज्वेलरी' अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार दिल्ली में आयोजित एक समारोह में दिया गया, जिसमें देश के प्रसिद्ध ज्वेलरी डिजाइनरों की मौजूदगी थी।

सौरभ और सिद्धार्थ बरड़िया, जो अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स के संचालक हैं, उन्होंने इस उपलब्धि को अपने ग्राहकों के विश्वास और संतोष का परिणाम बताया। उनकी ज्वेलरी डिजाइनिंग में विश्व के नामी सदस्यों की जूरी द्वारा मान्यता प्राप्त हुई, जिसमें अभिनेत्री अल्फिया कपाड़िया और जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट के अपूर्वा देशनिंगार शामिल थे। बरड़िया बंधुओं ने कहा कि यह पुरस्कार उनके कार्य की मान्यता है और भविष्य में वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने ब्रांड की गरिमा को और बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

उन्होंने स्व. जसराज बरड़िया की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरणा ली है। अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स, जो पिछले 68 वर्षों से ज्वेलरी उद्योग में स्थापित है, आज भी उच्च गुणवत्ता वाले आभूषणों के लिए जाना जाता है। वर्तमान में, एसबी - ए.टी. ग्रुप अपने निदेशक शांतिलाल बरड़िया के नेतृत्व में नए आयाम स्थापित कर रहा है।

























